वर्ष-12 , अंक-07 — प्रयागराज, रविवार 18 फरवरी 2024 से शनिवार 24 फरवरी 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटर्वक

Download From Google Play

Adhunik Samachar

संक्षिप्त समाचार

करोड़ों के मालिक हैं नकुलनाथ, 2019 में जीता था पहला लोकसभा चुनाव

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
छिंदवाड़ा। एमपी की राजनीति से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ अपने पिता के साथ भाजपा में शामिल हो सकत हैं। दोनों नेता शनिवार को दिल्ली आए।लोकसभा चुनाव से पहले अगर ये दोनों नेता भी कांग्रेस का साथ छोड़ देते हैं तो पार्टी के लिए बड़ा झटका साबित होगा। नकुलनाथ एक उद्योगपति भी हैं। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया में अपना और अपनी पतनी की संपत्ति का ब्योरा दिया जिसमें उन्होंने अपनी संपत्ति 660 करोड़ रुपये से भी अधिक बताई। शपथ

पत्र के अनुसार सांसद नकुलनाथ की चल संपत्ति 615.93 करोड़ रुपये से अधिक है।सांसद नकुलनाथ ने अपने पिता की सीट छिंदवाड़ा से पहली बार 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ा था। उन्होंने ये चुनाव जीता और पहली बार में ही सांसद बन गए। नकुलनाथ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल (एक्स) की बायो से कांग्रेस पार्टी का नाम हटा दिया है।लोकसभा चुनाव से पहले अगर ये दोनों नेता भी कांग्रेस का साथ छोड़ देते हैं तो पार्टी के लिए यह काफी बड़ा झटका साबित होगा। नकुलनाथ एक उद्योगपति भी हैं। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया में अपना और अपनी पतनी की संपत्ति का ब्योरा दिया, जिसमें उन्होंने अपनी संपत्ति 660 करोड़ रुपये से भी अधिक बताई।शपथ पत्र के अनुसार, सांसद नकुलनाथ की चल संपत्ति 615.93 करोड़ रुपये से अधिक है, जबकि अचल संपत्ति 41.77 करोड़ रुपये तक बताई जा रही है। वहीं उनकी पतनी के पास 2.30 करोड़ रुपये से अधिक की चल संपत्ति है।

दहेज उत्पीड़न कर बेटी की की गई हत्या पिता ने लगाया आरोप

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। शाहगंज थाना क्षेत्र के बराक गांव निवासी 26 वर्षी एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में एक दिन पूर्व मौत होने की सूचना पर परिजनों रायपुर थाना क्षेत्र निवासी पिता बलकेश्वर की तहरीर पर विभिनन धाराओं में मामला पंजीकृत कर जांच की शुरू वहीं पिता ने आरोप लगाया कि एक वर्ष पूर्व मेरी बेटी की शादी

ने एप्लीकेशन देकर बेटी के उत्पीड़न व दहेज की मांग संबंधित लगाया आरोप मामला हुआ दर्ज।जानकारी के अनुसार शाहगंज थाना क्षेत्र के बराक गांव निवासी कविता 26 वर्षीय पति शमशेर की सोमवार रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटक कर मौत की सूचना मंगलवार देर शाम परिजनों को हुई तो आनंद-खनन में परिजन मौके पर पहुंचे मामले में संबंधित थाना पुलिस को अवगत कराया पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मृतका के सरइगड़ सगन थाना क्षेत्र के बाद गांव निवासी शमशेर से हुई थी जिसके द्वारा आए दिन मारना पीटना वह उत्पीड़न करने दहेज मांगने का मामला संज्ञान में आतारहा हम लोग समझ बूझकर मामले को शांत करते रहे आज मेरी बेटी को जान से मार कर एंड से लटका दिया गया है जिसमें मेरे द्वारा एप्लीकेशन देकर मामला दर्ज कराया गया है हम लोगों को संबंधित न्याय दिला दिलाया जाए आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो।

विधि विधान से मां सरस्वती का किया गया पूजन अर्जन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। सोन संगीत फाउंडेशन के तत्वाधान में बुधवार को सरस्वती पूजा का कार्यक्रम संपनन हुआ । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कमलेश सिंह खाबे मां सरस्वती की प्रतिमा पर मालावार्पण कर उनके आराधना से आगे बढ़ता है जिसके लिए हर वर्ग धर्म मजहब में मां सरस्वती को सर्वश्रेष्ठ माना गया है आज बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती को पूजन करते हुए लोग अपने मनोकामनाओं की पूर्ति को लेकर आस्था रखते हैं और पूजन पाठ करते हैं इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक लालता प्रसाद मिश्रा,

कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इस दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने बताया कि मनुष्य के जीवन में मां सरस्वती का बहुत बड़ा योगदान होता है जब बच्चा बड़ा होता है तो पठन-पाठन से लेकर बड़े होकर हर क्षेत्र में प्रथम पूज्य मां सरस्वती के ही बंधन पूजन व मिथिलेश मिश्रा, अजीत जायसवाल, संतोष मिश्रा, मनोज गुप्ता, राजेश जायसवाल, मनीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे इस मौके पर आए हुए मुख्य अतिथि लोगों का गायक सुशील मिश्रा द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा हेतु कक्षा दसवीं एवं 12वीं के छात्रों को प्रवेश पत्र प्रदान किया गया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र।:-डी ए वी पब्लिक स्कूल खडि़या में आज सत्र 2024 सीबीएसई बोर्ड परीक्षा हेतु कक्षा दसवीं एवं 12वीं के छात्रों को प्रवेश पत्र प्रदान किया गया सर्वप्रथम प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडेय जी ने बसंत पंचमी के इस पावन अवसर पर कक्षा दसवीं एवं 12वीं के सभी छात्रों तथा शिक्षकों के साथ सामूहिक हवन भजन संपनन किया तदुपरांत उन्हें प्रवेश पत्र प्रदान किए गए प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडेय जी ने हवन के दौरान सभी परीक्षाथिर्यों को शुभकामनाऐ दी तथा बताया कि आज के दिन वाणी की देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है तथा ऋतुराज बसंत का स्वागत भी किया जाता है उन्होंने गीता के प्रेरणास्पद वाक्य कर्मण्येवाधिकारस्ते की याद दिलाते हुए परिश्रम एवं लगन के साथ बोर्ड परीक्षा देने की सीख दी त् तथा साथ ही साथ बच्चों को बहुत

सारी जीवन एवं परीक्षा की सावधानियों से भी अवगत कराया तथा बताया कि जीवन एक परीक्षा स्थल है त् हमें जीवन की सभी परीक्षाओं को एक चुनौती के साथ स्वीकारते हुए समय के साथ कर्तव्य पथ पर आगे आगे बढ़ना चाहिए त् एक सफल व्यक्ति की यही पहचान है

सोनभद्र पुलिस का अनवरत प्रहार, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 05 अन्तर्राज्यीय/अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र।आगामी चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस के निरन्तर प्रहार की कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यायल) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी घोरावल दद्दन प्रसाद गोड़ के पर्यवेक्षण में दिनांक 13.02.2024 को थाना करमा व एसओजी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर समय शाम 17.30 बजे थाना करमा क्षेत्र के एस0पी0 फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्प के पास से 01 अदद कार संख्या ळझ्72ँन्6618 की डिग्गी में व एक अदद डीसीएम संख्या-ण्उ04थ्1522 के डाला में सब्जियों के सड़े गले पत्तों के बीच छिपाकर उड़ीसा प्रान्त के सम्भलपुर से लोड करके रॉबर्ट्सगंज से मीरजापुर के रास्ते जौनपुर ले जा रहे 01 कुन्तल 10 किग्रा अवैध गांजा (अनुमानित कीमत गांजा रु0-11 लाख) के साथ 05 नफर अन्तर्राज्यीय/अन्तर्जनपदीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस बरामदगी व गिरफ्तारी

के सम्बन्ध में थाना करमा पर मु0अ0सं0-24/2024 धारा 8/20 का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।विवरण पूछताछ- गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि उक्त डीसीएम वाहन को आशीष तिवारी उपरोक्त सब्जी लादकर परिवहन करने की बात बताकर किराये पर लिये थे तथा उसके पश्चात हम सभी उक्त डीसीएम में सड़े गले सब्जियों के पत्तियों को लादकर उसी के अन्दर छिपाकर चार बोरियों में गांजा तथा कार की डिग्गी में एक बोरी गांजा उड़ीसा प्रान्त के सम्भलपुर से लोड करके जौनपुर ले जा रहे थे । हम सभी मिलकर गांजा क्रय-विक्रय का कार्य करते हैं तथा जो रुपये मिलते है

पीएम मोदी की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए कार्यकर्ता चला रहे अभियान

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आईजी उत्तर प्रदेश के अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र के दिशा निर्देश में बस्ती संपर्क अभियान गांव गांव गली गली प्रधानमंत्री की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति के घर तक पहुंचे इसलिए भारतीय जनता पार्टी सूचित मोर्चा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रधानमंत्री के लोक कल्याणकारी योजनाओं को जमीन स्तर पर उतरने का काम कर रहे हैं अनुसूचित मोर्चा के क्षत्रिय अध्यक्ष अजीत रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री की लोक कल्याणकारी योजना के बारे में कूलन बस्ती वार्ड नंबर वार्ड नंबर द6 बड़ौली मोहाल में जाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति के घर तक पहुंचे पहुंचाने को लेकर कटुबद्ध योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए वांछित

ईशा से बस्ती संपर्क अभियान बृहद स्तर पर चलाए जा रहा है 2024 में पुंन्ह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प सभी ने लिया।अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी द्वारा घर-घर पात्र व्यक्तियों तक लाभ लोगों को चिन्हित कर लाभ दिलाए जाने को कराया जा रहा कार्य इस कार्यक्रम में संगीता कोल, अनीता पासवान ,सुशीला देवी ,अनंती देवी ,रजवंती कोल, संजय, रामजी बियार आदि लोग मौजूद रहे।

सपा युवजन सभा के प्रदेश महासचिव बनाए गए नोएडा के मोनू खारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नोएडा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर समाजवादी युवजन सभा

उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद गिरी ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की है जिसमें नोएडा के इलाबास गांव के निवासी मोनू खारी गुर्जर को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। मोनू खारी लंबे समय से समाजवादी से जुड़े है और सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। इससे पहले भी वह समाजवादी पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
प्रयागराज।प्रयागराज परिचायिका के प्रकाशन को लेकर आयोजित प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन के कार्यकारिणी की बैठक रविवार को मध्यान्ह एक बजे प्रधान कार्यालय नैनी में एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई।बैठक में प्रयागराज परिचायिका के प्रकाशन पर विस्तृत

चर्चा के उपरांत शीघ्र ही एक कार्यसमिति के गठन का निणर्य लिया गया। कार्यसमिति में सक्रिय सदस्यों को ही शामिल करने पर भी सहमति बनी। यह भी प्रस्तावित हुआ कि नये सदस्य केवल फरवरी माह तक ही बनाये जायेगे, इस पर अगली बैठक में विचार किया जाएगा।उक्त जानकारी देते हुए।

दादरी ब्लॉक की गुलावठी और उपरालसी का पहले किया जा चुका है सत्यापन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नोएडा। टीबी मुक्त पंचायत के लिए जिला स्तरीय वेरिफिकेशन टीम ने बुधवार को जेवर ब्लॉक की ग्राम पंचायत चचूरा का दौरा कर भौतिक सत्यापन किया। ग्राम पंचायत चचूरा की ओर से टीबी मुक्त पंचायत होने का दावा किया गया है। यहां गत वर्ष भी कोई टीबी मरीज नहीं था।जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आर.पी. सिंह ने बताया- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में जिला स्तरीय वेरिफिकेशन टीम ने बुधवार को जेवर ब्लॉक की ग्राम पंचायत चचूरा का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान टीम ने उन लोगों से बातकर सत्यापन किया जिन लोगों के बलगम के नमूने जांच के लिए गये थे। टीम ने आयुष्मान भारत वेलनेस सेंटर का

भी निरीक्षण किया और वहां की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) निर्मला से बात की। टीम ने ग्राम प्रधान सुनीता सिंह से विस्तार से बातचीत की। सुनीता सिंह ने टीम को बताया-चचूरा की आबादी 2005 है। यहां इस वर्ष एक भी टीबी मरीज नहीं मिला। एक हजार की आबादी पर तीस लोगों की टीबी की जांच के लिए नमूने लिये गये थे। करीब साठ लोगों की जांच में कोई भी व्यक्ति पॉजिटिव नहीं मिला। पिछले वर्ष भी यहां कोई पॉजिटिव नहीं था।सत्यापन के लिए पहुंची टीम में जिला पंचायती राज विभाग की ओर से शकील अहमद, जिला कार्यक्रम समन्वयक अम्बुज पांडेय, पीपीएम कोऑर्डिनेटर पवन भाटी, एसटीएस हरिओम शामिल रहे।

मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 नफर शराब तस्कर गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र।आगामी चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा चालये जा रहे अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम व इन्टर स्टेट बार्डर चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस (शराब की अनुमानित कीमत 05 लाख 15 हजार रुपये) बरामद कर मौके से 02 नफर शराब तस्कर 01. योगेन्द्र प्रताप यादव पुत्र स्व0 शंकर यादव निवासी कंजहित थाना देवगांव जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 34 वर्ष, 02.

अधीक्षक (मुख्यालय) के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी पिपरी के नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा दिनांक 13.02.2024 को समय 15.20 बजे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग/बैरियर बार्डर चेकिंग के दौरान तेलगांव बार्डर से कुटरचित नंबर प्लेट लगी एक अदद पीकप वाहन संख्या 0173 से कुल 76 पेटी में 681 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब ज्ञानप्रकाश सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह निवासी महुरा थाना धीना जनपद चन्दौली उम्र करीब 36 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0- 24/2024 धारा- 60/63 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पर्यटन, परंपरा, कला एवं संस्कृति के मनोरम माहौल थीम की रहेगी धूम

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नोएडा।नोएडा में चौथी बार पर्यटन, परंपरा, कला एवं संस्कृति का मनोरम माहौल थीम के साथ, 16 फरवरी से लेकर 04 मार्च 2024 तक प्रसिद्ध सरस आजीविका मेला 2024 का आयोजन, सेक्टर 33 के नोएडा हाट में किया जा रहा है। उक्त विषय में प्रैस वार्ता के दौरान स्वाति शर्मा , संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय,भारत सरकार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम जिलाधिकारी मनीष वर्मा तथा चिरंजीलाल कटारिया ने विस्तृत जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित इस सरस आजीविका मेला 2024 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। 16 फरवरी से 04 मार्च 2024 तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा के नोएडा हाट में मौजूद क़रीब 28 राज्यों के 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, इसके साथ ही 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सरस मेले वर्ष 1999 से निरंतर आयोजित हो रहे हैं। इन मेलों के माध्यम से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। मेले में बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए भी संसाधन मौजूद रहेंगे। मेले में दिल्ली-नोएडा सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लाखों दर्शक व ग्राहक भाग लेंगे। दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पारदर्शिता को देखते हुए इस सरस आजीविका मेले में स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन / नोमिनेशन की व्यवस्था की गई है। मेले में बी. सी. सखी व झारखंड की पत्रकार दीदियों की भी भागीदारी रहेगी। स्वाति शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री का सपना 02 करोड़ दीदियों को लखपति घोषित करने का है जबकि लक्ष्य 10 करोड़ दीदियों का है। हम सभी दीदियों को राष्ट्रिय स्तर पर प्लेटफार्म देना चाहते हैं। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा हमारे देश की महिलाओं मैं बहुत सारे हुनर हैं। जो आपको सरस मेले के माध्यम से नोएडा हॉट में देखने को मिलेंगे। महिला सशक्तिकरण के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का सर्कार का उद्देश्य है। इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सभी को सहयोग करना चाहिए नोएडावासियों का सौभाग्य है कि केंद्र सर्कार के सरस मेले का आयोजन नोएडा हॉट में हो रहा है। जिसमे उन्हें 28 राज्यों के महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद देखने को मिलेंगे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे सैकड़ों कांग्रेसी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र।राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रवेश उत्तर प्रदेश में आगामी 16फरवरी को चंदौली जिले से होने जा रहा है। जिसमें जनपद सोनभद्र

से कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष कौशलेश पाठक ने बताया कि न्याय यात्रा में 4 दर्जन से अधिक वावर्दी कार्यकर्ता व हजारों लोग शामिल होने के लिए रणनीति बना रहे हैं। इस संदर्भ में कांग्रेस सेवादल सोनभद्र के जिला अध्यक्ष कौशलेश पाठक द्वारा बताया गया कि बेरोजगारी का दंश झेल रहे करोड़ों युवाओं, क़र्ज़. में डूबे किसानों और महंगाई के मार के बीच पढा.ई,कमाई और दवाई के लिए संघर्ष करते गरीबों के साथ न्याय, सामाजिक न्याय एवं राजनीतिक न्याय दिलाना मुख्य उद्देश्य है, वर्तमान में केंद्र की मोदी सरकार ने देश में शक्ति संतुलन बनाए रखने वाली सभी संस्थाओं को कुचल कर रख दिया है। यही नहीं, अहंकार के मद में चूर एवीएम की मोदी सरकार द्वारा भारतीय लोकतंत्र की हर स्तर पर हत्या की जा रही है।हमें बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के संविधान को सुरक्षित और संरक्षित करना है,जो हर भारतीय के लिए न्याय, गरिमा और सम्मान सुनिश्चित करता है। निश्चित रूप से यह यात्रा भारत के भविष्य को सुधारने में और आम आवाम को न्याय का हक़ दिलाने में कामयाब होगी।

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा डाक पंजीयन नं. (AD-99/2021-2023)

बैंक मित्रों की पुकार नहीं सुन रही सरकार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मिर्जापुर ।तहसील के पतुल्की गांव के शुक्ला रेस्टोरेंट एंड डाबा पर बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम

की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष बड़े भाई सुरेश सिंह ने किया। बैठक के माध्यम से बैंक द्वारा बैंक मित्रों के साथ किए जा रहे मानसिक और शारीरिक शोषण का विरोध किया गया। साथ ही प्रत्येक मित्र को 53 के जमाने पुराने तकनीकी की एम-पीओएस मशीन का बहिष्कार किया गया। सभी बैंक मित्र बंधुओं को जानकारी है कि संस्था द्वारा दी जाने वाली मशीन के प्रयोग से बैंक मित्र की आमदनी बढ़ने के बजाय घटने लगेगी। साथ ही बैंक मित्र का क्षेत्र में प्रभावहीन करने की मानसिकता का पुरजोर विरोध करने का काम संगठन के माध्यम से किया जाएगा। बाधुनिक जमाने में जहां सभी सुविधाओं को कंप्यूटरीकृत किया जा रहा है यही बैंक द्वारा बैंक मित्र को पुरानी तकनीकी की मशीन चलाने की बाध्यता का विरोध किया जाएगा। अगर समय रहते बैंक द्वारा इस प्रकार की समस्या का निवारण न होने पर संपूर्ण देश के बैंक मित्र आंदोलन करने और कार्य का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होगी।

मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में साथ देगा कलवार समाज

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज।आज नैनी,काजीपुर स्थित सुंदरम गार्डन गेस्ट हाउस में युवा मंच की जिला कार्यकारिणी बैठक संपनन हुई जिसमे मुख्य अतिथि युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल और विशिष्ट

अतिथि महानगर प्रयागराज भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्र रहे।कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान अजितेश जायसवाल जी ने कहा की 2024 में केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में पुनः भाजपा की सरकार बनाने में जायसवाल समाज पूरा साथ देगा। मोदी जी के नेतृत्व में देश प्रदेश विकाश के पथ पर अग्रसर है।अजितेश जी ने लोकसभा चुनाव में कलवार समाज को भागीदारी देने की मांग भी मंच से की।महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओ को एकजुट होकर चुनाव में जुट जाने का आवाहन करते हुए प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया।इस दौरान प्रयागराज भाजपा ओबीसी मोर्चा के महानगर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल जी का युवा मंच के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।इस अवसर पर विभिनन वक्ताओं ने मोदी जी की तारीफ करते हुए पुनः भाजपा की सरकार बनाने और कलवार समाज को भागीदारी देने की बाते कही।

दुष्कर्म पीडित छात्रा का हुआ मेडिकल अब कोर्ट में होगा बयान

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज।इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार सागर पर दुष्कर्म व धमकी देने का आरोप लगाने वाली छात्रा का मेडिकल परीक्षण करा लिया गया है। मेडिकल की सभी औपचारिकताएं शनिवार को पूरी हो गईं। अब सोमवार को न्यायालय के समक्ष उसका बयान दर्ज कराया जाएगा। पुलिस इसके बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।चार फरवरी को छात्रा की तहरीर पर कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी प्रोफेसर इविवि के प्राचीन इतिहास विभाग में तैनात हैं। उसने आरोप लगाया है कि द्वितीय वर्ष में पढ़ने के दौरान आरोपी शिक्षक ने उसे प्रेम प्रस्ताव दिया, उसने इन्कार कर दिया था। इसके बाद भी वह फोन व मैसेज भेजते रहे। ब्लॉक करने पर अन्य नंबरों से परेशान किया। एक दिन बहाने से कमरे पर ले जाकर दुष्कर्म किया और किसी से शिकायत न करने को धमकाया। तहरीर के मुताबिक, घटना 15 जनवरी को हुई। शिकायत के बाद पुलिस ने अगले ही दिन छात्रा

का बयान दर्ज किया। साथ ही मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया भी शुरू करा दी थी। सूत्रों के मुताबिक, अब सोमवार को छात्रा का न्यायालय में बयान दर्ज कराने की तैयारी है। इसके बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि आरोपी प्रोफेसर का अब तक पता नहीं चल सका है। कर्नलगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट में बयान दर्ज कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।इस मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार सागर का मोबाइल नंबर बंद है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया है। उधर शनिवार को भी उनका नंबर बंद मिला।

कृषि निर्यात हेतु क्षमता संवर्धन एवं क्रेता- विक्रेता कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मिर्जापुर ।केंद्रीय मंत्री, जनपद की सांसद अनुप्रिया पटेल के प्रयास से जनपद मीरजापुर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जनपद में रोजगार व व्यापार की वृद्धि एवं जनपदवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई नई योजनाएं जनपद में लाने के लिए हमेशा प्रयासरत रही हैं। इसी के क्रम में जनपद के किसान भाइयों की जागरुकता हेतु आगामी 14 फरवरी को जनपद के सागा सिटी लॉन, विकासखंड सीखड़ में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा

प्रयागराज में एक्सप्रेस ट्रेन में अल सुबह बदमाशों ने की लूटपाट, मचा हड़कंप

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज।चलती ट्रेन में लूटपाट की घटना सामने आने के बाद रेलवे और

जीआरपी में हड़कंप मच गया है। भुक्तभोगी यात्रियों ने बताया कि घटना सोमवार को भोर में करीब पांच बजे हुई। इरादतगंज से जसरा के बीच लूटपाट हुई। बदमाश अपने पास सांप लिए हुए थे और लोगों को डराकर पैसे छीन रहे थे। बदमाश शंकरगढ़ के पास चेन पुलिंग कर भाग निकले।,दानापुर से पुणे जा रही ट्रेन संख्या 2150 दानापुर पुणे एक्सप्रेस में घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज व जसरा के बीच ट्रेन की जनरल बोगी में सोमवार सुबह साढ़े पांच के आसपास एक दर्जन यात्रियों से कुछ लोगों ने लूटपाट की। लूट-पाट करने के पश्चात बदमाश शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के पहले चेन पुलिंग कर फरार हो गए। वहीं घटना की जानकारी के बाद आरपीएफ जांच पड़ताल में जुटी हुई है।दानापुर पुणे एक्सप्रेस सोमवार सुबह 5:10 पर छिवकी स्टेशन पहुंची। 10 मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हो गई। लिंक जंक्शन के पास गाड़ी धीमी होने पर जनरल बोगी में चार युवक चढ़ गए। ट्रेन जैसे ही गाड़ी इरादतगंज से जसरा के बीच पहुंची बदमाशों ने यात्रियों के साथ मारपीट करते उनसे लूटपाट शुरू कर दी। लगभग एक दर्जन यात्रियों से पैसे और सामान छीने गए। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश शंकरगढ़ स्टेशन से पहले चेन पुलिंग करके उतर गए।भुक्तभोगी यात्रियों के मुताबिक बदमाश मारपीट करने के साथ ही यात्रियों को सांप दिखाकर उनके साथ लूटपाट कर रहे थे। यात्रियों ने इसकी सूचना रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर दी। घटना की जानकारी पर हड़कंप मच गया। जनरल बोगी में यात्रा कर रहे मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद इम्तियाज निवासी गाज़ीपुर बरेसर थाना ने बताया की युवक अपने पास सांप लिए हुए थे।

ज्ञानवापी परिसर में 'हिंदू पूजा करेंगे या नहीं' पर फैसला टला

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज। ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में हिंदुओं को पूजा करने की अनुमति देने के फैसले को अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति द्वारा

खारिज करने की याचिका पर आज सुनवाई टली। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आगामी 15 फरवरी को इस मामले की सुनवाई करने की तारीख दी है।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति के अनुरोध जिसमें वाराणसी अदालत के हिंदुओं को मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने के फैसले को रद्द करने की मांग की गई थी, मामले की सुनवाई आज टाल दी है। हाई कोर्ट इस याचिका पर अभी विचार करने के बाद फैसला देने के लिए अगली तारीख 15 फरवरी की दी है।ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने, वहां मिले शिवलिंग की पूजा करने का अधिकार देने और पूजा करने से रोकने वालों का प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग करते हुए किरण सिंह ने अदालत में वाद दायर किया था। इस पर मस्जिद पक्ष की तरफ से वाद की पोषणीयता को चुनौती दी गई।दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्टट्रैक) ने 17 नवंबर 2022 को वाद को सुनवाई योग्य पाते हुए मस्जिद की आपत्ति को खारिज कर दिया। सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्टट्रैक) के इस आदेश के खिलाफ जिला जज की अदालत में मस्जिद पक्ष की ओर से याचिका दायर की गई।

रोजगार मेले में 154 अभ्यर्थियों वितरित किया गया आफर लेटर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मिर्जापुर ।मीरजापुर 12 फरवरी 2024- दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन राजगढ़

ब्लाक में स्थित तथागत निजी आईटीआई दधिया राजगढ़ मीरजापुर के प्रागंण में किया गया।मुख्य अतिथि गजेंद्र प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख राजगढ़ द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया गया। नोडल राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य अशोक कुमार द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मेले में रहे विशिष्ट अतिथि ई0 रामलौटन बिंद को जिला कौशल प्रबंधक अचल सिंह ने माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।।प्रधानाचार्य द्वारा अपने स्वागत भाषण देते इस रोजगार मेले के बारे में सभी लोगों को अवगत कराया एवं इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों एवं अधिष्ठानों का स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन ने कहा कि आज देश-प्रदेश सरकार प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर रही है इसी क्रम में आपके द्वार आज रोजगार मेला का आयोजन हुआ है। मेले में प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में बेरोजगार युवा मेला में सम्मिलित हो और लाभ प्राप्त करें तथा साथ ही सरकार द्वारा चल रहे योजनाओं के बारे में अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने अभ्यथियों को आफर लेटर भी वितरित किया। इस मेले में कुल 278 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिसमे 154 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में 09 कंपनियों ने शिरकत किया जिसमे एनटीपी सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, अमास स्किल सोल्यूशन, पीपल ट्री ऑनलाइन, एसआईएस सिक्योरिटीज़ वर्धमान, सफायर हेल्थ सॉल्यूशन इत्यादि अधिष्ठान ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय एवं तहसील सदर का किया निरीक्षण

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मिर्जापुर ।मीरजापुर 12 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय एवं तहसील सदर में पहुंचकर दोनो

कार्यालयो का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कुछ पुरानी पत्रावलियो की जानकारी करने पर बताया गया कि कुछ पत्रावलिया 40-50 वर्ष पूर्व की है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि रेवन्यू नियमावली के तहत पुरानी पत्रावलियो को नियमानुसार निस्प्रयोज्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों के सर्विस बुक, जी0पी0एफ0 पासबुक आदि का निरीक्षण किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित पटल सहायक को निर्देशित कि सर्विस बुक के अनुसार सभी जी0पी0एफ0 पास बुक पर भी नामिनी का नाम दर्ज कर किया जाय। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अलमारियो को खुलवाकर रखरखाव को देखा। इस दौरान जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय के एक-एक पटल पर पहुंचकर सम्बन्धित पटल सहायको से उनके कायी के बारे में विस्तृत जानकारी ली गयी। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण के क्रम में तहसील सदर पहुंचकर कार्यालय का निरीक्षण किया। तहसीलदार न्यायालय में वादो के निस्तारण तथा लम्बित वादो के पत्रावलियो को निकालकर देखा गया जिसमें तीन वर्ष व पांच वर्ष से अधिक वादो को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण का निर्देश दिया गया। अमीन संग्रह अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उपस्थित ए0डब्लू0बी0एन0 को कम्प्यूटर खोलकर आनलाइन कायी को दिखाने को कहा गया तो कम्प्यूटर की जानकारी न होने की बात पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल को निर्देशित किया कि प्रत्येक ए0डब्लू0बी0एन0 को कल से ही एन0आई0सी0 अथवा ई डिस्ट्रिक मैनेजर के द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिलवाया जाय। उन्होने कहा कि एक सप्ताह के बाद इन सबका पुनः निरीक्षण किया जायेगा तब तक कम्प्यूटर के बारे में सामान्य जानकारी अवश्य सीख ले। निरीक्षण के दौरान सभी नायाब तहसीलदार न्यायालय, तहसील के पटल सहायको के कायी के बारे में जानकारी लेते हुये पूरे परिसर में भ्रमण करते हुये निरीक्षण किया गया तथा बेहतर साफ सफाई कराने का निर्देश उप जिलाधिकारी सदर आसाराम वर्मा को दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ यादव उपस्थित रहें।

बच्चो को कम्बल व चाकलेट का पैकेट देकर अपने वाहन से भेजवाया उसके गांव

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मिर्जापुर ।मीरजापुर 12 फरवरी 2024- जिलाधिकरी प्रियंका निरंजन

ने आज कलेक्ट्रेट में दूर दराज से आये फरियादियो की समस्याओं को सुना इस दौरान हलिया विकास खण्ड के ग्राम सिकटा की कुमारी रेखा उम्र लगभग 12 वर्ष व अंकित कुमार उम्र लगभग 08 वर्ष पुत्री/पुत्र पिंटू ने जिलाधिकारी से मिलकर अपने जमीन पर कुछ दबंगो के द्वारा जबरदस्ती कब्जा करने की शिकायत की तो जिलाधिकारी ने इन बच्चों की शिकायत को गम्भीरत से लेते हुये तत्काल उप जिलाधिकारी लालगंज को सभी प्रकरण की जांच कर अविलम्ब निस्तारण का निर्देश दिया तथा दोनो बच्चों को अपने पास बैठाकर चाकलेट का पैकेट व एक-एक कम्बल देते हुये कलेक्ट्रेट नाजिर से सरकारी गाड़ी मंगवाकर ग्राम सिकटा हलिया उसके घर तक भेजवाया। जनता दर्शन में उपस्थित अन्य फरियादियो की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी व्हाट्सएप पर उनके प्रार्थना पत्रो को भेजकर पुनः फोन करते हुये ससमय व संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल रहे।

बाल भिक्षावृत्ति को रोकने व ट्रांसजेण्डर को योजनाओं से जोड़ने पर दिया बल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मिर्जापुर ।मीरजापुर 12 फरवरी 2024- कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज समस्त खण्ड विकास अधिकारियों व अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर बाल भिक्षावृत्ति को रोकने, उन्हे प्राथमिक विद्यालयो व कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में नामांकन कर शिक्षा से जोड़ने तथा जनपद में रह रहे ट्रांसजेण्डर लोगो को विभिनन शासकीय योजनाओं से जोड़ने पर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में भिक्षावृत्ति में संलिप्त निवास कर रहे परिवारो की सूची बनाकर उनके बच्चों को स्कूलो में प्राथमिक विद्यालयों/कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में नामांकन कराने हेतु उन्हे समझाया जाय ताकि उन्हे भिक्षावृत्ति से मुक्ति दिलाकर किसी न किसी स्वारोजगार से जोड़ा जा सकें। उन्होने कहा कि इसी प्रकार जनपद में रह रहे ट्रांसजेण्डर लोगो की भी सूची बनाते हुये उनका आधार कार्ड यदि न हो तो बनवाया जाय तथा आयुष्मान कार्ड बनवाते हुये शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का लाभ भी उन्हे उपलब्ध कराया जाय।

बीजेपी कार्यालय पर लोकसभा कार्यशाला का आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मिर्जापुर। ''आज दिनांक 13 फरवरी 2024 को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बरौधा कचार मीरजापुर के सभागार में लाभार्थी सम्पर्क अभियान एवं लोकसभा कार्यशाला सम्पनन हुआ । कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह जी ने प्रदेश सरकार से आये हुए बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभारी) एवं मीरजापुर लोकसभा क्लुस्टर प्रभारी दयाशंकर मिश्र ब्लुदयालुब्ल जी का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया तथा अपने स्वागत भाषण में आये हुए सभी अतिथियों एवं लोकसभा कार्यशाला फोरम के पदाधिकारियों का स्वागत अभिनन्दन किया । कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि / मुख्य वक्ता मंत्री आये हुए सभी फोरम के पदाधिकारियों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए बताया कि जिले में लगाये गये सभी अभियानों के प्रमुख अपने - अपने अभियान को शत प्रतिशत पूरा करें । सभी जिला व मंडल के पदाधिकारी बूथों पर जाकर अभियानों के माध्यम से लाभाथिर्यों से मिले तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताएं । क्लुस्टर प्रभारी / मंत्री साथ में यह भी कहा कि अभी तक जो अभियान पूर्ण नहीं हुआ है उसे शत प्रतिशत करने का प्रयास करें । साथ में 01 से 04 मार्च लाभार्थी सम्पर्क विशेष अभियान जो पी0पी0 टी0 द्वारा प्रस्तुतीकरण प्रत्येक मंडल में आई0टी0 के माध्यम से समझाया जायेगा । उसके बाद घर - घर लाभाथिर्यों से सभी मंडल के पदाधिकारी तथा पूर्व पदाधिकारी अभियान के माध्यम से सम्पर्क करें ।

मण्डल स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मिर्जापुर।13 फरवरी 2023- मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त, कार्यालय सभागार, में ''लिंग भेदभाव एवं जेण्डर संवेदीकरण'' एवं ''विषय पर कार्यशाला तथा गर्ल्स चाइल्ड-डे के अन्तर्गत मण्डल स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मण्डलायुक्त द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। बाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जनपद भदोही की कु0 करूणा तिवारी, सी0डी0वी0 पब्लिक स्कूल गोपपुर जनपद भदोही को द्वितीय स्थान कु0 आन्या, आर्यकन्या पाठशाला, इण्टरमीडिएट कालेज, मीरजापुर को तथा तृतीय स्थान कु0 आर्णवी सिंह, शारदा महेश इण्टर कालेज, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र को प्राप्त हुआ। सभी छात्र-छात्राओ को मण्डलायुक्त द्वारा पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त द्वारा लिंग भेदभाव के कारण एवं निवारण के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार द्वारा बनाये गये का किस तरह से कड़ाई से पालन कराया जाए, इसकी रणनीति बनाने तथा इस कानून की अवहेलना करने वाले को किस तरह के दण्ड का प्राविधान हैं, उसके बारे में भी सचेत

किया गया। कार्यशाला में मण्डलीय नोडल अधिकारी डा0 अरविन्द्र कुमार सिंह (संयुक्त निदेशक) द्वारा लिंग भेदभाव, लिंगानुपात तथा इससे सम्बन्धित जन जागरूकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में जनपद मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मण्डल वेव सरकारी अस्पतालो वेव चिकित्साधिकारी, प्राइवेट चिकित्सक, प्रधानाचार्य/शिक्षक, छात्र-छात्रायें, आशा कार्यकत्रियो, बी0एस0ए0, बी0डी0ओ0, अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण, महिला चिकित्सक, अल्ट्रासाउण्ड के चिकित्सको ने प्रतिभाग किया।

16 फरवरी को ग्रामीण बंद के समर्थन में वाम दलों का जिला मुख्यालय पर धरना/प्रदर्शन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 16 फरवरी को मजदूर किसान एकता मजबूत करते हुए सोनभद्र में भी भाकपा,माकपा,माले व वाम जनवादी संगठन ठराष्ट्रीय ग्रामीण बंद आंदोलनठ के समर्थन में मुख्यालय पर प्रदर्शन कर पत्रक सौंपेंगे । उन्होंने कहा कि यह ग्रामीण बंद और औद्योगिक हड़ताल का नारा संयुक्त किसान मोर्चा व कई केन्द्रीय मजदूर संगठनों ने संयुक्त रुप से दिया है । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व वाम दलों की केन्द्रीय कमेटी ने भी इस आंदोलन को पूर्ण रूप से समर्थन दिया है। जनपद सोनभद्र में भी उक्त वाम जनवादी संगठनों द्वारा किसानों, मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों के साथ इस आंदोलन के माध्यम से मनरेगा में साल में दो सौ दिन रोजगार व मजदूरी की दर 600 रुपये घोषित करने, प्रत्येक भूमिहीन खेत मजदूर परिवार को खेती योग्य दो एकड़ व आवास हेतु तीन सौ वर्ग मीटर भूमि आवंटित करने, हर गरीब परिवार को मुफ्त बिजली देने, हर एक गरीब बच्चे को प्राइमरी से उच्च शिक्षा तक मुफ्त शिक्षा और छात्रवृति देने, दस किलोग्राम प्रति यूनिट राशन, सबको पाँच हजार रुपये मासिक वृद्धावस्था पेंशन , पक्के आवास, दलितों के विकास हेतु धन आबंटन बढ़ाने, दलितों व महिलाओं पर बढ़ते अपराध सख्ती से रोकने, खनन क्षेत्र में अवैध तरीके से चल रहे मशीनीकरण पर रोक लगाने और मजदूरों को रोजगार दिलाने आदि मागों को उठाया जायेगा और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी महोदय को दिया जायेगा।

ग्रेटर नोएडा मे आज से शुरू हुआ इंडियन सरफेस फिनिशिंग 2024

नोएडा ग्रेटर नोएडा मैटल फिनिशर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया दिल्ली एनसीआर में सरफेस फिनिशिंग पर तीन दिवसीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इंडियन सरफेस फिनिशिंग 2024 का आयोजन 14 से 16 फरवरी 2024 को हॉल 15, इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा में चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक और इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष माननीय प्रोफेसर संगमू मून और विक्टोरा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के माननीय अध्यक्ष एस.एस. बंगा ने किया। लगभग 150 प्रतिष्ठित कोम्पनिओ ने अपने उत्पादो, सेवाओं और नई प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया । तकनीकी सम्मेलन में दुनिया भर के वक्ताओं द्वारा प्रस्तुत लगभग 43 शोध पत्र पर प्रकाश डाला गया है । सम्मेलन में प्रतिष्ठित संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संगठनों के सभी शोधकर्ता और शिक्षाविद एकत्र हुए। सभी ने मिलकर सरफेस परिष्करण के विभिनन क्षेत्रों में अपने अभूतपूर्व अनुसंधान का प्रदर्शन किया। सरफेस फिनिशिंग उद्योग में सबसे प्रतिष्ठित और प्रभावशाली कार्यक्रम के रूप में, यह तीन दिवसीय सम्मेलन सरफेस फिनिशिंग उद्योग के स्थापित मापदंडों को नए- नए विकल्प और प्रोत्साहन देगा, जिससे नवाचार और उननति के एक नए युग की शुरुआत होगी।एमएफएआई के प्रेज़ीडेन्ट सुनील गोयल के मुताबिक यह प्रदर्शनी सरफेस फिनिशिंगकम्युनिटी, अकादमिक एवं अनुसंधान समुदाय को कई अवसर प्रदान करेगी। यह

ऐसा मंच उपलब्ध कराएगी जहां प्रदर्शकों को अपने उत्पादों को दर्शाने तथा सरफेस फिनिशिंग उद्योग में नए रूझानों और तकनीकों को जानने का मौका मिलेगा। सम्मेलन के अलावा , प्रतिष्ठित संस्थानों, प्रयोगशालाओं एवं अकादमिक संगठनों के शोधकर्ता और अकादमिकज्ञ भी सरफेस फिनिशिंग के क्षेत्र में अपने इनोवेशन्स को पेश करेंगे। श्री माधव सिंह, मैनेजिंग ट्रस्टी, एमएफएआई के मुताबिक 'दुनिया भर में सरफेस फिनिशिंग का मार्केट साइज़ साल 2024 में 12.89 बिलियन डॉलर का है, एक अनुमान के मुताबिक यह 2024-30 के बीच 7.97 फीसदी दर से बढ़कर 2030 तक 22.05 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। पश्चिम से पूर्व की ओर झुकाव के चलते एपीएसी देशों में सरफेस फिनिशिंग की खपत पूरे संसार में 78 प्रतिशत हो गई है।श्री अमित अग्रवाल, माननीय सचिव, एमएफएआई ने कहा, ''एमएफएआई की स्थापना साल 1973 में मुंबई में पंजीकृत संस्था के रूप में की गई थी । पांच दशकों की यात्रा के दौरान संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक विकसित हो गया है,

प्रयागराज में बसंत पंचमी पर संगम नगरी में उमड़ा स्नानार्थियों का जनसैलाब

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज।पतित पावनी मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में बसंत पंचमी पर्व पर सननार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। मौसम

खुशगवार था इसलिए रात एक बजे से ही लोगों ने सनन शुरू कर दिया। सुबह होने तक भीड़ अचानक बढ़ी और दस बजे तक करीब 19 लाख 50 हजार लोगों के सनन कर लेने का अनुमान प्रशासनिक आधार पर लगाया गया। मेलाधिकारी, मेला पुलिस के अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए रहे और चारों तरफ सीटियों की आवाजें आती रहीं।बसंत पंचमी माघ मेले का चौथा सनन पर्व है। इसमें माना जाता है कि स्थानीय लोगों की संख्या अधिक होती है। प्रयागराज के अलावा प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, भदोही, संत रविदास नगर, वाराणसी और कौशाम्बी के भी लोग सनन करने पहुंचे। ब्रह्म मुहूर्त में हर हर गंगे के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने सनन किया। घाट पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसलिये संगम वाच टावर से लगातार एनाउंस किया जाता रहा।सुबह पांच बजे संगम नोज पर भीड़ बढ़ी । दस बजे तक घाट सननार्थियों से भर गया। पुलिस कर्मियों को सख्ती करके वहां से भिक्षुओं, घाटिया पंडों को हटाना पड़ा। सनन निर्विघन रूप से होता रहा।

प्रयागराज आधा दर्जन इंस्पेक्टर व दो महिला थानाध्यक्षों का हुआ स्थानांतरण

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज।जिले में मंगलवार देर रात आधा दर्जन इंस्पेक्टर व दो महिला थानाध्यक्षों का स्थानांतरण किया गया। पुलिस कमिशनर रमित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से उक्त अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया।देखें लिस्ट निरीक्षक सुनील कुमार कनौजिया को अतिरिक्त निरीक्षक थाना धूमनगंज से प्रभारी निरीक्षक कैण्ट स्थानान्तरित किया गया है।निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार वर्मा को प्रभारी आईजीआरएस सेल से प्रभारी निरीक्षक खुल्दाबाद स्थानान्तरित किया गया है।निरीक्षक विनोद कुमार सोनकर को प्रभारी निरीक्षक खुल्दाबाद से प्रभारी निरीक्षक शाहगंज स्थानान्तरित किया गया है निरीक्षक रामाश्रय यादव को पीआरओ पुलिस आयुक्त से प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन स्थानान्तरित किया गया है।निरीक्षक दीपक शर्मा को कार्यालय एसीपी धूमनगंज से प्रभारी आईजीआरएस सेल स्थानान्तरित किया गया है।निरीक्षक रुकुम पाल सिंह को प्रभारी निरीक्षक कैण्ट से पुलिस लाइन स्थानान्तरित किया गया

है।महिला उपनिरीक्षक जय अम्बिका पासवान को प्रभारी चौकी लोक सेवा आयोग, थाना सिविल लाइन से थानाध्यक्ष महिला थाना स्थानान्तरित किया गया है।

विवेकानंद आर्य विद्यालय मगरौरा में मनाया गया वार्षिकोत्सव

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मैहर। विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव, विद्यार्थियों को बताया शिक्षा का महत्व,प्रतिभाओं के लिए पुरस्कार भी वितरण किए गए विवेकानंद आर्य विद्यालय में बुधवार को वार्षिक दिवस मनाया गया। समारोह में स्कूल प्रधानाचार्य वीरेंद्र पांडे ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। आज का दौर शिक्षा व विज्ञान का दौर है एवं इस दौर में अशिक्षित व्यक्ति का समाज में कोई महत्व नहीं है।उन्होंने कहा कि शिक्षित होने से मनुष्य की सोचने समझने की शक्तियां बढ़ती है। जिससे वह अपने जीवन को सही दिशा दे पाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य करने एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखते हुए आगे बढ़ने की बात कही।

वर्षा के कारण नष्ट हुई फसलों की सूचना कृषक टोल फ्री नंबर पर दे जानकारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मिर्जापुर।जनपद मीरजापुर के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ के द्वारा अवगत कराया गया है कि आगामी दो दिनों तक मौसम की स्थिति खराब रहेगी। राज्य के अलग-अलग स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश और कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की संभावना व बिजली गिरने की संभावना है। जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है, जिसके अन्तर्गत रबी मौसम की सभी प्रमुख फसलें यथा- गेहूँ, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों एवं अलसी को ग्राम पंचायत स्तर पर अधिसूचित किया गया है। कवर किये गये जोखिमों में स्थानीय आपदाओं के अन्तर्गत खड़ी फसलों को असामयिक वर्षा, ओलावृष्टि, जलभराव आदि से उत्पनन क्षति की स्थिति में योजना के प्राविधानों के अनुसार बीमा कम्पनी द्वारा सहायता के रूप में क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। ऐसे किसान भाई जिन्होंने रबी 2023-24 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत अधिसूचित फसल यथा- गेहूँ, चना, मटर, मसूर एवं सरसों पर बीमा कराया है और ओलावृष्टि/ असामयिक वर्षा के कारण उनकी फसल नष्ट हो गयी है, उनसे अनुरोध है कि तत्काल (72 घंटे के अन्दर) इसकी सूचना टोल फ्री नं0- 18002091111 या 18008896868 अथवा 14447 पर काल करके अवगत करा दें अथवा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी या अपने नजदीकी बैंक शाखा पर भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत करा सकते है। किसानों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों पर कृषि विभाग, राजस्व विभाग व बीमा कम्पनी की संयुक्त टीम में साथ क्षति वालें क्षेत्रों का सर्वे भी किया जायेगा।

बसंत पंचमी पर माघ मेले में टीचर और ट्रेनर की भूमिका में नज़र आई प्रयागराज पुलिस

प्रयागराज के माघ मेले में बसंत पंचमी के मौके पर भी आज श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। खराब मौसम के बावजूद संगम समेत दूसरे घाट ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की भीड़ से पटे रहे। बसंत पंचमी पर विदया और ज्ञान की देवी सरस्वती की आराधना

की जाती है। इस खास मौके पर माघ मेला क्षेत्र तमाम राज्यों की पुलिस और देश की कई यूनिवर्सिटीज व मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के लिए पाठशाला बन गया। यूपी पुलिस यहां किस तरह से श्रद्धालुओं की सुरक्षा करती है, लाखों की भीड़ को नियंत्रित कर सेवाभाव से काम करती है और उसके कुशल मैनेजमेंट से सब कुछ बिना किसी हंगामे या परेशानी के शांतिपूर्वक ढंग से संपनन हो जाता है, इसे सीखने के लिए राजस्थान, झारखंड, मध्य प्रदेश और हरियाणा समेत देश के तकरीबन आधा दर्जन राज्यों की पुलिस की टीम पिछले दो दिनों से मेला क्षेत्र में डटी हुई है। टीमों ने यहां कम्युनिटी पुलिसिंग की अवधारणा को बेहद करीब से जाना। इन राज्यों की पुलिस की टीम ने पहले डिजिटल प्रेजेंटेशन के जरिए यूपी पुलिस के कुशल मैनेजमेंट को समझा। इसके बाद आज संगम समेत दूसरे घाटों, रास्तों, पांटून पुलों के साथ ही प्रवेश व निकास द्वारों पर किए जाने वाले इंतजामों को देखा। इन राज्यों की पुलिस टीम को बताया गया कि यहां ड्यूटी करने वाले जवान मेले में न तो डंडे का प्रयोग करते हैं और न ही विशेष परिस्थितियों को छोड़कर किसी दूसरे अस्त्र-शस्त्र का। पुलिस यहां कानून व्यवस्था का पालन कराते हुए श्रद्धालुओं के जान-माल की सुरक्षा करती है, भीड़ को नियंत्रित करती है, साथ ही सेवाभाव से काम करते हुए श्रद्धालुओं के मित्र के तौर पर उनकी मदद भी करती है। तमाम श्रद्धालु गंगा के जल में सनन करते हैं, इसलिए पानी में भी इनकी सुरक्षा के इंतजाम करने पड़ते हैं। इस बार गहरे जल में भी डायल 112 की इमरजेंसी सेवाएं मुहैया कराई गई हैं।

सम्पादकीय

न्याय दिलाने की सरकार की मंशा पर सवाल क्यों, कहीं सियासत तो

संदेशखाली के चेहरे की कुरुपता देख पूरा देश क्षुब्ध है, पर पीडि़त महिलाओं को न्याय दिलाने की सरकार की मंशा पर सवाल क्यों उठ रहे हैं।12 फरवरी को राज्यपाल आनंद बोस जब संदेशखाली दौरे पर थे, तो रोती-कलपती कुछ महिलाओं ने उन्हें राखी बांधकर रक्षा की गुहार लगाई। देश की इकलौती महिला मुख्यमंत्री और वाम राज में महिला उत्पीड़न को लेकर सड़क पर संग्राम करने वाली ममता के राज में ऐसा भी होता है, किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। बंगाल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सुंदरवन के मुहाने पर बसे संदेशखाली के चेहरे की कुरूपता आज पूरा देश देख रहा है। महिलाओं को आधी रात में पार्टी ऑफिस में बुलाने, जमीन और जलागार हड़पने, दुकानदारों से अवैध वसूली करने, इलाके को विपक्ष शून्य करने के लिए हमले करने जैसी दर्जनों शिकायतों का निपटारा करने वाला कोई नहीं था। संवेदनहीन पुलिस अब प्रभावित इलाकों में घूम-घूमकर लोगों, खासकर महिलाओं को उत्तर 24 परगना के डीएम शरद कुमार द्विवेदी, बशीरहाट के एसपी और एएसपी को 19 फरवरी को दिल्ली में हाजिरी लगाने को कहा है। 14 फरवरी को संदेशखाली मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर पूरे इलाके में जारी निषेधाज्ञा खारिज कर दी। उसी दिन सुकांत को रोककर पुलिस प्रशासन ने उनका विशेषाधिकार हनन किया। याद करें, राजीव कुमार वही आईपीएस अधिकारी हैं, जिन्हें शारदा चिटफंड मामले में सीबीआई की संभावित गिरफ्तारी से बचाने के लिए ममता धरने पर बैठी थीं।कलकत्ता हाईकोर्ट ने साफ कहा कि पुलिस ग्रामीण महिलाओं के विरोध को कुचलने के बदले अपराध में शामिल कथित दो प्रमुख आरोपियों की तलाश करे। मालूम हो कि कई सौ करोड़ रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर शाहजहां के गुर्गों ने हमला किया था और तभी से वह फरार है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक कह चुका है कि बंगाल में कानून

मीडिया के सामने मुंह नहीं खोलने की हिदायत दे रही। यहां की सांसद नुसरत जहां को इलाके की महिलाओं के आंसू पोंछने चाहिए थे, पर वह 14 फरवरी को इंस्टाग्राम पर वेलेंटाइन डे मना रही थीं।भ्रष्टाचार के मामलों में जिस सरकार के एक दर्जन से ज्यादा मंत्री, उनके बेटे-बेटी व अफसर जेल की हवा खा रहे हों, उस पर संदेशखाली कांड ने जले पर नमक छिड़का है, पर सरकार के चेहरे पर शिकन तक नहीं है। सरकार पूरी ताकत से इस इलाके में विपक्षी नेताओं का प्रवेश रोकने में लग गई है। राज्य भाजपा अध्यक्ष और बालुरघाट से लोकसभा सांसद सुकांत मजूमदार संदेशखाली जाते समय सुरक्षाकर्मियों से झड़प में घायल हो गए और उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से शिकायत की। उनकी शिकायत पर लोकसभा की विशेषाधिकार रक्षा समिति ने मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार, का शासन नहीं, बल्कि शासक का कानून चलता है विधानसभा में ममता ने शाहजहां का बचाव किया और भाजपा व आरएसएस पर दोष मढ़ा। जून, 2019 में भी तीन राजनीतिक हत्याओं के मामले में शेख शाहजहां का नाम आया था, पर तब भी ममता ने उसका बचाव किया था। वाम जमाने में शेख शाहजहां की औकात एक स्थानीय रंगबाज की थी, पर ममता की शरण में आने के बाद रसूख के साथ उसकी संपत्ति भी तेजी से बढ़ी। बताया जाता है कि आज वह कई सौ करोड़ रुपये की संपत्ति का मालिक है। शिक्षा घोटाले में पार्थ चटर्जी, पशु तस्करी घोटाले में अणुव्रत मंडल, राशन घोटाले में जेल में बंद मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक सहित काले कारनामे करने वाले दर्जनों अभियुक्तों का ममता ने हर बार बचाव किया।

विपक्ष को स्मार्ट होने की जरूरत, तार्किक आलोचना के साथ विकल्प भी जरूरी

लोकतंत्र की जीवंतता प्रतिस्पर्धी विचारों पर टिकी होती है। विपक्ष सरकार की आलोचना तो करता है, लेकिन वैकल्पिक मॉडल पेश नहीं करता। कांग्रेस के 2019 के घोषणा पत्र में कुछ विचार जरूर थे, लेकिन यह उन राज्यों तक में लागू नहीं किए गए, जहां वह सत्ता में थी।यह चुनावों से पहले का वह मौसम है, जब राजनेता अंतिम क्षण की लामबंदी के अनुसार अर्थव्यवस्था को आगे रख दावों एवं विवादों पर तीखी बयानबाजी शुरू करते हैं। जहां तक अर्थव्यवस्था की बात है, तो वास्तविकता का रंग न तो श्वेत, न काला, बल्कि भूरा ज्यादा दिखता है। इस हफ्ते की शुरुआत तीन दक्षिणी राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा केंद्र द्वारा धन हस्तांतरण में भेदभाव किए जाने के विरोध में एकजुट होने से हुई, जो पहले ही केंद्रीय उपकरों एवं बढ़ते अधिभारों से त्रस्त हैं, जिन्हें राज्यों के साथ साझा भी नहीं किया जाता है। केंद्र सरकार ने तुरंत उनके दावों की निंदा की और इसे देश को बांटने की कोशिश का हिस्सा बताया। दरअसल, जो राज्य अपनी अर्थव्यवस्था का बेहतर ढंग से प्रदर्शन करते हैं, उन्हें एकत्रित संसाधनों का एक छोटा हिस्सा मिलता है। उदाहरण के लिए, करों में प्रत्येक रुपये के योगदान के लिए कर्नाटक को 15 पैसे और तमिलनाडु को 29 पैसे वापस मिलते हैं, जबकि बिहार को 7.06 रुपये और उत्तर प्रदेश को 2.73 रुपये मिलते हैं। जाहिर है कि यदि भाजपा डबल इंजन सरकार का चुनावी प्रलोभन दे रही है, तो विपक्ष भी करों के बंटवारे को भेदभाव के साधन के रूप में प्रस्तुत करने से चूकने वाला नहीं है। उल्लेखनीय है कि हस्तांतरण में फर्क हस्तांतरण के फॉर्मूले के कारण होता है, जिसका आधार यह है कि जो राज्य जितना गरीब और अधिक आबादी वाला होगा, उसे उतना ही अधिक धन मिलेगा।यह सच है कि आजादी के बाद से भारत का विकास मंत्र यह रहा है कि कम समृद्ध राज्यों को विकास के लिए संसाधनों का

अधिक हिस्सा दिया जाए। उदाहरण के लिए, बिहार और उत्तर प्रदेश सबसे अधिक आबादी वाले राज्य हैं, जहां प्रति व्यक्ति आय सबसे कम क्रमशः 54,111 रुपये और 83,565 रुपये है और वे अतिरिक्त सहायता के हकदार भी हैं।यह भी उतना ही सच है कि नई सहस्राब्दी में किसी भी व्यवस्था को बढ़ावा देने और हतोत्साहित करने के बीच तालमेल के लिए विकसित होना चाहिए। ऐसे में, बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों की नाराजगी समझी जा सकती है। सवाल यह है कि क्या वैसे राज्य जो बेहतर प्रदर्शन का चक्र बनाए रखते हैं, उन्हें कोई इनाम दिया जा रहा है?, क्या यह फॉर्मूला उस राज्य को किसी तरह से पुरस्कृत करने वाला है, जिसने निवेश के लिए माहौल में सुधार किया है और रोजगार को बढ़ाया है। जाहिर है कि यह बिल्कुल सही समय है, जब करों के बंटवारे के फॉर्मूले पर एक बार फिर विचार किया जाए। लेकिन यह संदर्भ संघ और राज्यों के बीच परिपक्व संवाद की मांग करता है, न कि तीखी बयानबाजी की। आदर्श रूप से, कांग्रेस, वामपंथी और अन्य क्षेत्रीय दलों को हर राज्य की राजधानियों में नए हस्तांतरण फॉर्मूले और घोषणापत्र पर वैकल्पिक मॉडल रखकर एक सम्मेलन बुलाना चाहिए था, जिसमें वित्तमंत्री और अर्थशास्त्री भी शामिल हों और लोगों से इस पर मतदान करने के लिए कहना चाहिए।इस पूरे हफ्ते अर्थशास्त्र पर राजनीति चलती रही। सरकार ने यूपीए सरकार की कई विफलताओं को सूचीबद्ध करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था पर 59 पृष्ठों का एक श्वेत पत्र जारी किया, जिसका केंद्रीय विषय फिजूलखर्ची और भ्रष्टाचार हैं। और इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि कैसे इस सरकार ने अर्थव्यवस्था को नाजुक स्थिति से मजबूती तक पहुंचाया और अमृत काल का मार्ग प्रशस्त किया। कांग्रेस ने भी बगैर देरी किए 'दस साल अन्याय काल' शीर्षक से 54 पृष्ठों का एक काला पत्र जारी करके इसका प्रतिकार किया। सरकार के पास गर्व करने लायक बहुत कुछ है-डिजिटल और भौतिक अवसंरचनाओं को बढ़ावा देने से लेकर राजकोषीय अनुशासन और सुखियों में रहने वाले 7.3 फीसदी के सकल घरेलू उत्पाद विकास अनुमान तक। लेकिन जीवनयापन की लागत और आजीविका के मुद्दों से निपटने के लिए इसे संघर्ष करना पड़ा है। लगभग सभी जनमत सर्वेक्षणों में लोगों ने मुद्रास्फीति और बेरोजगारी को अपनी भलाई और भविष्य को प्रभावित करने वाले गंभीर मुद्दों के रूप में रेखांकित किया है।मुद्रास्फीति से संबंधित आंकड़ा बहुत गंभीर है। दिसंबर, 2023 में जब समग्र मुद्रास्फीति 5.7 फीसदी थी, खाद्यान्न मुद्रास्फीति 9.5 फीसदी थी, जो एक साल पहले 4.19 फीसदी थी। ग्रामीण मजदूरी में ठहराव से यह पीड़ा और बढ़ गई। इसका असर कम लागत के उत्पादों पर कॉरपोरेट रिपोर्टिंग और जीडीपी के आंकड़े में भी दिखाई देता है। निजी अंतिम उपभोग व्यय 4.4 फीसदी था, जबकि जीडीपी सात फीसदी से अधिक होने का अनुमान है। सब्जियों की कीमतें 27, दालों की 20, मसालों की 19.6 और अनाज की 9.9 फीसदी तक बढ़ी हैं। दिलचस्प बात यह है कि पोल्ट्री और मांस उत्पादों की कीमतें उतनी नहीं बढ़ी हैं। यह लगभग ऐसा ही है, मानो मुद्रास्फीति शाकाहारी हो गई है। शुक्र है कि सरकार के पास 81 करोड़ नागरिकों के लिए मुफ्त भोजन कार्यक्रम है, अन्यथा स्थिति गंभीर होती। लोगों के मन में बेरोजगारी का विचार उनके अनुभवों और आंकड़ों के बीच के स्थायी विरोधाभास को दिखाता है, जो सरकारी विभागों में 20 लाख से ज्यादा खाली पदों और नौकरियों के लिए मारामारी में दिखता है।भारत 15 लाख से अधिक इंजीनियर पैदा करता है और इस महीने के प्रारंभ में आईटी सेवा कंपनियों ने संकेत दिया था कि इस बार कैंपस भर्ती दो दशकों में सबसे कम हो सकती है।एमबीए कॉलेजों में कैंपस प्लेसमेंट में गिरावट आई है, क्योंकि कंपनियां अनिश्चित हैं। आवधिक श्रम बल के सर्वेक्षण से पता चलता है कि केवल 20 फीसदी श्रमबल के पास वेतनभोगी नौकरी है, 21 फीसदी आकस्मिक श्रम में लगे हैं और 57 फीसदी लोग खुद को स्व-रोजगारकर्ता बताते हैं। वास्तव में सबसे अधिक आबादी वाले और सबसे गरीब राज्यों में वेतनभोगी श्रमिकों का प्रतिशत सबसे कम है और स्व-रोजगार करने वालों की संख्या ज्यादा। अब भी मतदाताओं की पहली पसंद भाजपा है। विपक्ष सरकार की आलोचना करता है, पर वैकल्पिक मॉडल पेश नहीं कर पा रहा है। कांग्रेस के 2019 के घोषणा-पत्र में कुछ विचार थे, जिनमें से किसी को भी उन राज्यों में लागू नहीं किया गया, जहां वह सत्ता में थी। स्मार्ट नेताओं का तर्क है कि नेतृत्व प्रभावी ढंग से 'एक' और 'एक' को मिलाकर 'तीन' बनाने पर निर्भर करता है। लेकिन विपक्ष में 18 से अधिक पार्टियां कुछ सकारात्मक नहीं कर पा रही हैं। सैद्धांतिक रूप से, लोकतंत्र की जीवंतता प्रतिस्पर्धी विचारों पर टिकी होती है।



बंगाल में सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनता संदेशखाली

सोनभद्र। निजी कंपनी (अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट डाला)द्वारा प्लांट चलाने के लिए जिन कचरे का उपयोग किया जा रहा है उससे जान जीवन को बहुत ही छति का सामना करना पड़ रहा है। अपने स्वार्थ में जनहित का कोई मतलब नही। निजी कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट में कीलन चलाने के लिए जिन कूड़ा कचरे का प्रयोग किया जा रहा है वह कही न कही से कचरे की ढेर है। जिस समय गाड़िया कचरे लेकर सड़क से गुजरती है । सड़क बदबूदार हो जाता है। इससे तरह-तरह की बीमारियां फैलने का डर बना रहता है। देखा जाय तो अक्ट्रेटेक निजी कंपनी द्वारा हॉस्पिटल के नाम पर खानापूर्ति ही हो रही है। वही नगर के लोगों का इलाज भी भगवान भरोसे है।कचरे का जन जीवन पर प्रभाव जिस प्रकार के कचरे/कूड़े का प्रयोग फैक्ट्री चलाने के लिए डाला में किया जा रहा है। उसमें से मीथेन गैस निकलती है जिसके कारण मीथेन प्रदूषण, जो ज़मीनी स्तर के ओज़ोन का एक प्राथमिक घटक है और बेंजीन जैसे जहरीले रसायनों के साथ उत्सर्जित होता है, जिससे हृदय रोग, जन्म दोष, अस्थमा और अन्य प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से संबद्ध है।

तीन सूत्री मांगों को लेकर ग्राम प्रहरी चौकीदारों ने भरी हुंकार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को ग्राम प्रहरी चौकीदार संघ बैनर तले अपनी तीन सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंप कर बुलंद की आवाज ।जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद पासवान ने बताया वि उत्तर प्रदेश के ग्राम प्रहरी चौकीदारों को वेतन में वृद्धि कर राज्य कर्मचारी का दर्जा सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया है

वही शिव प्रशाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश के लगभग 70000 ग्राम प्रहरी / चौकीदार ?2500 अल्प वेतन में 24ङ7 दिन निरंतर ग्राम की निगरानी रखवाली करते हुए, अपराधिक गतिविधि की सूचना थाना पर देते हैं। मंहगाई की मार को झेलते हुए कई वर्षों से अपनी मांग को शासन प्रशासन तक पहुंचाते रहे हैं। महोदय जी उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पहले चौकीदार संघ के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को भाजपा कार्यालय लखनऊ में बुलाकर यह वादा किया था कि आप मेरा साथ दीजिए। मेरी सरकार अथवा भाजपा की सरकार बनने पर आप सभी ग्राम प्रहरी चौकीदारों को वेतन वृद्धि करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाएगा। सरकार न बनने पर केंद्र सरकार द्वारा ?10500 /माह दिलाया जाएगा। प्रदेश के ग्राम प्रहरियों ने दो बार सरकार बनने में अपनी अहम भूमिका निभाई, लेकिन सरकार के द्वारा चौकीदार पद का नाम बदलने के अलावा कोई आशा जनक मांग पूरी नहीं की। अतः ग्राम प्रहरी चौकीदार अपनी मांग पूर्ति हेतु पुनः अन्तिम बार आपके पास आए हुए हैं।मांग के मुख्य बिंदु1- ग्राम प्रहरी चौकीदारों के वेतन वृद्धि करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।2- पुलिस के अनुरूप वर्दी एवं अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।3- पुलिस रेगुलेशन के अनुसार ग्राम प्रहरी चौकीदारों से कार्य लिया जाए। आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई ।

लोकसभा सांसद प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंप कर उठाई मांग

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। राष्ट्रीय /प्रान्तीय नेतृत्व के आवाहन पर उ प्र उधोग व्यापार मण्डल सोनभद्र ने राबट्सगंज लोकसभा के सांसद के प्रतिनिधि कुलदीप जी को माननीय प्रधान मंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन सौपा और माग की कि एम एस सेमी व जी एस टी की समस्याओं को हल कराया जाए जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि एम एस सेमी में व्यापारियों के लेन देन

को समय बद्ध कर पेनाल्टी का प्रावधान किया गया है जो न्यायसंगत नहीं है जी एस टी में 17-18 व 18-19 की नोटिस जारी की जा रही है ब्याज दर ज्यादा है पेनाल्टी 10000 से ज्यादा न हो धारा 61 के अन्तर्गत उएऊँ 9ण् के अन्तर्गत जिन व्यापारियों पर उएऊँ 9 /9ण् न लागू होता हो उन्हें नोटिस न जारी किया जाय धारा 61 अन्तर्गत यदि विसंगतिया का अन्तर 5000 से कम है तो उन्हें नोटिस न जारी किया जाय अन्य सात सूत्रीय माग पत्र सौपा ज्ञापन देने के दौरान बरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सिहं चन्देल जिला महामंत्री राजेश बंसल जिला कोषाध्यक्ष अजीत जायसवाल युवा जिला अध्यक्ष रमेश जायसवाल जिला संगठन मंत्री राजेश सोनी नगर अध्यक्ष आनन्द जायसवाल जिला उपाध्यक्ष प्रकाश केशरी नगर ।

यूपी सिपाही भर्ती का प्रवेश पत्र हुए जारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती के लिए 17 व 18 फरवरी को होने वाले लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र अभ्यर्थी मंगलवार से प्राप्त कर सकेंगे। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोननति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की वेबसाइट पर जाकर अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र अपलोड कर सकेंगे। इससे पहले, बोर्ड ने 10 फरवरी को प्रदेश के विभिनन जिलों के परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी की थी।बता दें कि 'मिशन रोजगार'

के तहत प्रदेश सरकार ने 23 दिसंबर को यूपी पुलिस में सिपाही के 60 हजार पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी। यूपीपीआरपीबी की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए बोर्ड में प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है, जिसे अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट ल्ज्ज्ं.्दन.ह पर जाकर 13 फरवरी से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस भर्ती परीक्ष में शामिल होने के लिए 50 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। बोर्ड की अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा के लिए प्रदेश के विभिनन जिलों में 6484 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ।बनाए गए 2377 परीक्षा कें सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा में 48,17,441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसके लिए सभी 75 जिलों में 2377 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोननति बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने आगामी 17 और 18 फरवरी को चार पालियों में होने वाली परीक्षा के आयोजन के लिए सभी जिलों के डीएम और पुलिस कप्तानों को परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती के मानकों, नोडल अफसर बनाने के संबंध में अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

गाँव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्त्ता कर रहे जन संपर्क

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा। भाजपा गौतमबुधनगर के

जिलाध्यक्ष गजेंन्द्र मावी एवं भाजपा बिसरख मण्डल अध्यक्ष मुकेश चौहान के मार्गदर्शन मे गाँव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्त्ता बिसरख मण्डल पूर्व युवामोर्चा मंत्री व हैबतपुर के शक्ति केन्द्र संयोजक कन्हैया गुप्ता का प्रवास इको विलेज ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सोसाइटी मे रहा और इको विलेज2 के मुख्य एवं सांसद प्रतिनिधि संदीप शर्मा एवं जितेंद्र शर्मा एवं पंकज दुबे , पंकज कुमार वीरणास झा , संदीप,दुष्यंत , मूलचंद्र शर्मा, सचिन श्रीवास्तव,कमल जैन,एवं सम्मानित कार्यकर्त्ता एवं सम्मानित लोगो से मोदीजी और योगीजी के लाभकारी योजनाओं पर चर्चा हुआ एवं लोगो ने पुरे विश्वास के साथ कहाँ अबकी बार 400 से भी अधिक सीटों से मोदीजी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएंगे।

सपा नोएडा महानगर ने पीडीए पंचायत में बताई सपा की नीतियां भाजपा की विफलताएं

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा। सपा नोएडा महानगर द्वारा पॉकेट 7 सेक्टर 82 में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में पीडीए जन पंचायत आयोजित की

गई। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि नोएडा में जब से समाजवादी पार्टी की सरकार गई है तब से एक विकास कार्य नही हुआ है।सड़को पर बारिश में पानी भर जाता है ,सीवर लाइन उबाल रही है, हर सेक्टर में धारा 10 के नोटिस भेज के जनता का उत्पीड़न किया जा रहा है।महँगाई पर कोई बात नही करना चाहता।मिडल क्लास के लिए ये सरकार सिर्फ छलावा कर रही है और धर्म के नाम पर देश को गुमराह कर रही है।प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि पीडीए शोषित वंचित वह प्रताड़ित लोगों की रक्षा करेगा। पूर्व महासचिव राघवेंद्र दुबे ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीति और तानाशाही के चलते आज देश व प्रदेश बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने कहा की पीडीए की मजबूती से हर वर्ग सुरक्षित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी महानगर सचिव पंकज झा के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में महासचिव विकास यादव, राघवेंद्र दुबे, शालिनी खारी, नेहा पांडे, सौरभ चौहान, के स यादव, एनके सोलंकी, सुबोध प्रसाद, छोटेलाल, मोहम्मद शाहिद, दिलीप, सोमनाथ, आसिफ, धीरज, ध्रुव, चंद ,देवेंद्र, किशोर, मिराज, कृष्ण, सोनू, वीर बहादुर, बिल्लू सैफी, इंद्रजीत, उदय सिंह, चंदन, संतोष ,रंजीत पटेल, राजन, कृपाल सिंह ,प्रमोद मौजूद रहे।

सपा नोएडा महानगर ने पीडीए पंचायत में बताई सपा की नीतियां

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा। सपा नोएडा महानगर द्वारा पॉकेट 7 सेक्टर 82 में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में पीडीए जन पंचायत आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि नोएडा में जब से समाजवादी पार्टी की सरकार गई है तब से एक विकास कार्य नही हुआ है।सड़को पर बारिश में पानी भर जाता है ,सीवर लाइन उबाल रही है, हर सेक्टर में धारा 10 के नोटिस भेज के जनता का उत्पीड़न किया जा रहा है।महँगाई पर कोई बात नही करना चाहता।मिडल क्लास के लिए ये सरकार सिर्फ छलावा कर रही है और धर्म के नाम पर देश को गुमराह कर रही है।प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि पीडीए शोषित वंचित वह प्रताड़ित लोगों की रक्षा करेगा। पूर्व महासचिव राघवेंद्र दुबे ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीति और तानाशाही के चलते आज देश व प्रदेश बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने

कहा की पीडीए की मजबूती से हर वर्ग सुरक्षित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी महानगर सचिव पंकज झा के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में महासचिव विकास यादव, राघवेंद्र दुबे, शालिनी खारी, नेहा पांडे, सौरभ चौहान, के स यादव, एनके सोलंकी, सुबोध प्रसाद, छोटेलाल, मोहम्मद शाहिद, दिलीप, सोमनाथ, आसिफ, धीरज, ध्रुव, चंद ,देवेंद्र, किशोर, मिराज, कृष्ण, सोनू, वीर बहादुर, बिल्लू सैफी, इंद्रजीत, उदय सिंह, चंदन, संतोष ,रंजीत पटेल, राजन, कृपाल सिंह ,प्रमोद मौजूद रहे।

जनपद की चार ग्राम पंचायतों की ओर से किया गया है टीबी मुक्त पंचायत का दावा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा। टीबी मुक्त पंचायत के लिए जिला स्तरीय वेरिफिकेशन टीम ने सोमवार को जेवर ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों का दौरा किया। टीम ने ग्राम पंचायत गुलावठी और उपरालसी का भौतिक सत्यापन किया।जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आर.पी. सिंह ने बताया- जनपद की जिन चार पंचायतों की ओर से दावा प्रस्तुत किया गया है, उनमें तीन में टीबी का एक भी मरीज नहीं है, केवल एक पंचायत में टीबी का एक मरीज है। उन्होंने बताया- दादरी ब्लॉक की दो पंचायत उपरालसी व गुलावठी खुर्द, जेवर ब्लॉक की दो पंचायत चचूरा व दिलेरपुर की ओर से टीबी मुक्त पंचायत का दर्जा हासिल करने के लिए दावा पेश किया गया है। उन्होंने बताया- दादरी की उपरालसी पंचायत में 1388 की आबादी में केवल एक टीबी मरीज मिला है, जबकि गत वर्ष यहां टीबी सक्सेस रेट सौ प्रतिशत था। इसके अलावा यहां दवा वितरण, निक्षय पोषण योजना, न्यूट्रिशन सपोर्ट में भी उपलब्धि सौ प्रतिशत रही। 1469 की आबादी वाली गुलावठी खुर्द पंचायत में एक भी टीबी रोगी नहीं है। इसी तरह जेवर ब्लॉक की दो पंचायत चचूरा व दिलेरपुर में टीबी का एक भी रोगी नहीं है। चचूरा की आबादी 2005 व दिलेरपुर की आबादी 207 है। डा. सिंह ने बताया- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में जिला स्तरीय वेरिफिकेशन टीम ने सोमवार को जेवर ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों गुलावठी और उपरालसी का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान टीम ने उपरालसी में टीबी मुक्त हुए रोगी से बातचीत की। उनसे योजना का लाभ मिलने की जानकारी ली। टीम ने टीबी यूनिट पर ऑनलाइन डेटा परीक्षण करने के साथ उपचार पंजिका से उसका मिलान भी किया। सत्यापन के लिए पहुंची टीम में जिला क्षय रोग अधिकारी डा.आरपी सिंह, जिम्स के कम्युनिटी मेडसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अनुराग, जिला पंचायती राज विभाग की ओर से शकील अहमद, विश्व स्वास्थ्य संगठन की कंसलटेंट डा. रेनू डेफे, जिला कार्यक्रम समन्वयक अम्बुज पांडेय शामिल रहे।जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया- सत्यापन की रिपोर्ट को क्षय रोग विभाग की ओर से जिले को भेजा जाएगा। इसके बाद राज्य स्तरीय वेलीडेशन टीम और सेंट्रल वेलीडेशन टीम इन ग्राम पंचायतों का डेटा परीक्षण करेंगी। परीक्षण कार्य के आधार पर जिलाधिकारी की ओर से विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च को संबंधित ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण-पत्र जारा किया ।

किसानो का धरना प्रदर्शन 14वें दिन भी मांग न पूरी होने पर जारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा। अखिल भारतीय किसान सभा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने ऐछर में आयोजित महापंचायत में हिस्सा

लिया-आज अखिल भारतीय किसान सभा के रात दिन के धरने का 14 वां दिन था जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष किसान शामिल हुए आज धरने की अध्यक्षता पप्पू ठेकेदार ने की संचालन अजय पाल भाटी ने किया धरने पर उपस्थित सैकड़ो लोग ट्रैक्टरों और गाड़ियों ऐछर गांव में आयोजित महापंचायत में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करते हुए पहुंचे-महापंचायत को संबोधित करते हुए किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि 10 परसेंट का मुद्दा पूरे जिले का मुद्दा है। 8 फरवरी के किसान सभा एवं अन्य संगठनों के आंदोलन के कारण प्रदेश सरकार ने इस मुद्दे का संज्ञान लिया है हमें सभी संगठनों को एकजुट कर इस लड़ाई को और मजबूत करना है इसी सिलसिले में 16 तारीख को किसान सभा ने जुलूस का प्रोग्राम रखा है सभी मौजूद संगठनों से निवेदन है कि 16 तारीख को बड़ी संख्या में जुलूस में शामिल होकर किसानों के साथ अपनी एकता प्रदर्शित करें।

मशीनो की गुणवत्ता को देखते हुये रोस्टर बनाकर दिया जाय प्रशिक्षण

मीरजापुर 12 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो के उचित दर दुकानो में इलेक्ट्रानिक वेईंग मशीन एवं ई पास मशीनो की स्थापना एवं संचालन तथा जिला खाद्य एवं सर्तकता समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद की तहसीलो में उचित दर की दुकानो की संख्या के अनुसार ई कांटे तथा ई पास मशीनो का सुरक्षित भंडारण उप जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित स्थान पर सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त स्थल पर बाट माप विभाग के निरीक्षको के द्वारा ई कांटो के कैलिबरेशन/स्टॉम्पिंग का कार्य कराते हुये यह सुनिश्चित किया जायेगा कि सम्बन्धित सिस्टम इंटीग्रेटर द्वारा स्टाम्पिंग का शुल्क नियमानुसार समय से जमा किया जाय। सम्बन्धित संस्थाओं के मास्टर ट्रेनर के द्वारा उक्त स्थान पर उचित दर विक्रेताओं को प्रशिक्षण सम्पनन कराया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने ई पास व वेईंग मशीन की क्रय एजेंसी को निर्देशित करते हुये कहा कि मशीने गुणवत्तापूर्ण हो जिसकी गुणवत्ता की लिखित रिपोर्ट भी उपलब्ध करायी जाय। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण के लिये रोस्टर बनाते हुये बेहतर जानकारी कोटदारो को दी जाये ताकि आगे चलकर किसी प्रकार की परेशानी न होने पाये। उन्होने कहा कि जनपद स्तर पर तैयारियों के लिये बाट माप विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक कराते हुये कार्य को नियोजित एवं समयबद्ध रूप से सम्पनन कराना सुनिश्चित किया जाय तत्पश्चात जिला सर्तकता समिति की बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 का क्रियान्वयन, खाद्यान वितरण, वितरण व्यवस्था, सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था, आधार फीडिंग एवं सीडिंग, प्राप्त शिकायतो/आई0जी0आर0एस0/काल सेंटर आदि शिकायतो का निस्तारण, फोर्टीफाइड राइस, उचित दर दुकानों की नियुक्ति तथा प्रवर्तन कार्यवाही के बारे में बारे में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी ली गयी। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी संजय बरनवाल के अलावा सभी पूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहें।

गौतम बुद्धनगर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जादौन का निधन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा। गौतमबुद्धनगर में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जादौन का आज सुबह दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल में निधन हो गया। भूपेन्द्र सिंह जादौन को 28 दिसंबर 2023 को कार्यालय में ब्रेनहैमरेज हो गया था। उनका ब्रेन का ऑपरेशन भी हुआ था और वह कोमा में थे। उनके निधन से आम आदमी पार्टी तथा उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई है।भूपेंद्र सिंह जादौन आम आदमी पार्टी में पिछले कई वर्षों से सक्रिय रूप से कार्यरत थे तथा उन्हें इस बार दोबारा पार्टी ने जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। इस दौरान उन्होंने विभिनन मुद्दों को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किया तथा कई बार गिरफ्तार भी हुए। उनके कार्यकाल में आम आदमी पार्टी ने जनपद में काफी विकास किया तथा उन्होंने पार्टी की एक लंबी चौड़ी फौज खड़ी कर दी थी। उनको आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के अलावा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का भी बेहद प्यार और आशीर्वाद प्राप्त था। उनकी कर्मठता को देखते हुए पार्टी ने जनपद में कई ऐतिहासिक आंदोलन किये ।

महर्षि दयानन्द युग द्रष्टा थे -राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा। आर्य समाज देव नगर, करोल बाग,दिल्ली में 200 वीं महर्षि दयानन्द सरस्वती जयंती के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती युग द्रष्टा थे उन्होंने दूर की सोचते हुए आर्य समाज की स्थापना की जिससे उनके बाद भी लंबे समय तक यह आंदोलन चलता रहे।उन्होंने हर सामाजिक बुराई पर सीधा प्रहार किया।वह एक निर्भीक सन्यासी थे उनके गुणों को आज जीवन में धारण करने की आवश्यकता है।विधायक विशेष रवि ने कहा कि आज महर्षि जी की जयंती सर्वत्र मनाई जा रही है हमें उनकी शिक्षाओं को अमल में लाना चाहिए।वैदिक विदुषी आरुषि राणा (मेरठ) ने नारी शिक्षा व उनके नव निर्माण में ऋषि दयानन्द के योगदान की चर्चा की उन्होंने कहा कि नारी जगत उनके ऋण से कभी उऋण नहीं हो सकता।राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए आतंकवाद को जड़ से मिटाने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य नेता सुशील बाली एडवोकेट ने की और संचालन रमेश बेदी ने किया। रोहित कुमार के निर्देशन में बच्चों ने व्यायाम प्रदर्शन किया।प्रमुख रूप से आदर्श आहूजा,मौजूद रहे

विदाई समारोह हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज। आज सेपिएंट इंटरनेशनल एकेडमी में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह की धूमधाम रही। कार्यक्रम में अतिथिगण राजलक्ष्मी मैम, अमृता मैम, संजय सिंह सर

और ओ पी सिन्हा सर उपस्थित रहे।सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की और बच्चों ने सरस्वती वंदना से मां को प्रसनन किया।उसके बाद कार्यक्रम का आरंभ हुआ। विदाई समारोह के प्रारंभ में कक्षा बारहवीं के बच्चों को चंदन और अक्षत लगाकर फूलों से उनका स्वागत किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने रैप वॉक किया। जिसमें 12वीं कक्षा की संजना को मिस फेयरवेल चुना गया और 12वीं कक्षा के नवनीत को मिस्टर फेयरवेल चुना गया । कक्षा 11वीं के बच्चों ने बहुत सुव्यवस्थित ढंग से और सन्ह से बारहवीं के बच्चों का स्वागत किया। सभी बच्चों ने अलग-अलग गानों पर नृत्य किया और सभी का उत्साह बढ़ाया।इस विदाई समारोह पर शिक्षक गणऔर छात्र-छात्राओं सभी की आंखें नम थी ।यह पल बहुत ही भावुक था ।बिछड़ने का दुख था तो कहीं नई दुनिया मे कदम बढाने की खुशी थी । बारहवीं कक्षा के छात्र छात्रों ने कई प्रकार के गेम खेलें जिसमें उन्हें प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार मिला। प्रधानाचार्य श्रीमती रश्मि द्विवेदी ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए और सफलता प्राप्त करने के लिए सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस प्रकार विदाई समारोह के अवसर पर सभी लोगों ने अपने कुछ-कुछ अनमोल वचन कहे।बच्चों को उनके नाम का टाइटल मिला, सभी बच्चे बहुत ही प्रसन्न थे।

प्रयागराज में भारी वाहन नहीं कर सकेंगे प्रवेश, जानें किस कारण प्रशासन ने लिया बड़ा फैसला

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज। संगम नगरी में माघ मेले में वसंत पंचमी सनन पर्व और अचला सप्तमी को लेकर ट्रैफिक प्लान लागू कर दिया गया है।ट्रैफिक प्लान के तहत मंगलवार सुबह पांच बजे से भारी वाहन संगम नगरी में प्रवेश नहीं

कर पाएंगे। बाहर से वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा और प्रमुख स्थानों पर नो इंट्री लागू रहेगी।यह व्यवस्था 13 फरवरी की सुबह पांच बजे से 17 फरवरी तक लागू रहेगी।इस दौरान जिन वाहनों को ट्रैफिक पुलिस की ओर से पास जारी किया गया है, उन पर भी यह व्यवस्था लागू रहेगी। नो इंट्री प्वाइंट पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकमिर्यों की तैनाती की जा रही है।जानें कहां बनाया गया नो इंट्री प्वाइंटमलाक हरहर तिराहा, हबूसा मोड़, सोरांव बाइपास, नवाबगंज बाइपास, फाफामऊ, मंदर मोड़ धूमनगंज, ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा, रामपुर चौराहा, घूरपुर थाना गेट, लैप्रोसी चौराहा और अंदावा चौराहे को नो इंट्री प्वाइंट बनाया गया है।जानें किन मार्गों पर रहेगा रूट डायवर्जन कानपुर से आने वाले भारी वाहनों को कोखराज कौशांबी में बने बाइपास पर मोड़ दिया जाएगा, जो बाइपास से हंडिया होते हुए वाराणसी जाएंगे।वाराणसी की ओर से कानपुर जाने वाले वाहनों को हंडिया बाइपास रोड होते हुए कोखराज से कानपुर की तरफ जाएंगे।फतेहपुर स्थित चौडगरा चौराहे से बिंदकी से बंधवा तिराहा ललौली से चिल्ला होते हुए बांदा की तरफ भेजे जाएंगे। वापसी का मार्ग भी यही रहेगा।कानपुर से मीरजापुर की तरफ जाने वाले वाहनों को बिंदकी से ललौली होते हुए बांदा की तरफ भेजे जाएंगे। कर्वी से मऊ, शंकरगढ़, नारीबारी, खीरी, कोरांव, मांडा से दाहिने मुड़कर मीरजापुर की तरफ जाएंगे। वापसी का मार्ग भी यही रहेगा। कानपुर से रीवा की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए घाटमपुर, हमीरपुर रोड बांदा, कर्वी, शंकरगढ़, से नारीबारी से दाहिने मुड़कर रीवा जाएंगे। वापसी का मार्ग भी यही रहेगा। कानपुर से औराई मीरजापुर जाने वाले भारी वाहनों को कोखराज, बाइपास पर मुड़कर सीधे हंडिया से औराई से मुड़कर चील्ह होते हुए मीरजापुर जाएंगे। रीवा से प्रयागराज होकर वाराणसी जाने वाले वाहनों को मनिगवां से हनुमना होते हुए मीरजापुर और फिर वहां से वाराणसी भेजा जाएगा। वापसी का मार्ग भी यही रहेगा।रीवा से प्रयागराज होकर लखनऊ जाने वाले वाहनों को शंकरगढ़ से मुड़कर कर्वी, बांदा होते हुए फतेहपुर से रायबरेली होकर लखनऊ भेजा जाएगा।रायबरेली से प्रयागराज होकर वाराणसी जाने वाले भारी वाहन प्रतापगढ़ के भोपियामऊ, मुंगराबादशाहपुर जौनपुर होते हुए।

कचरे के जलने से होने वाली है क्षेत्र में भयंकर बीमारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र- निजी कंपनी के द्वारा कचरे ले भंडार को जलाने से नगर में हो रहा बीमारी का खतरा , ऐसे में नही सूझ रहा प्रशासन , जबकि कचरे के जलने के बाद मीथेन गैस जैसे जहरीली गैस निकलती है। पर्यावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है वही जान का नही खतरा बढ़ गया है।डाला स्थित अल्ट्राटेक सीमेन्ट यूनिट में फैक्ट्री चलाने के लिए बाहर से मंगाए गए कचरे/कूड़े के सड़े गले मलवे से स्थानीय निवासियों के जान का खतरा बढ़ रहा है वही प्रशासन सुध लेने को तैयार नही है, जबकि सभी जानते है की कचरे से मीथेन जैसे जहरीली गैस निकलती है जिससे स्वास , अस्थमा जैसे बीमारी का प्रकोप बढ़ सकता है, ऐसे में नगरवासियों के जन की कीमत अल्ट्राटेक सीमेन्ट यूनिट के लिए आम बात बन कर रह गया है।सिविल सर्जनों ने बताया कि कचरा में आग लगाने से हानिकारक गैस मिथेन, सल्फर, कार्बन डाय आक्साइड, कार्बन मोनो आक्साइड निकलते है, जो हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है और ओजोन परत को क्षति पहुंचाता है। ये गैस मानव शरीर के लिए खतरनाक व जानलेवा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमेन्ट यूनिट के अधिकारी पर जनहित के नुकसान का कोई फर्क नही पड़ता

इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।	सप्ताह आत्म संवत रहने की श्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के	मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी	ह के शुरूआत से वाणी में ता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना
सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में	इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में	नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों	इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।
नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।	परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव	मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।	पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

पिता अपने लापता नाबालिक बच्चे को देखते ही हो गया भाउक

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। विशेष सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ की स्वर्ण जयंती चौक रावर्टसगंज के समीप एक अज्ञात नाबालिक बालक जिसका उम्र लगभग 14 वर्ष है जिसे तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्लूयू शेषमणि दुबे एवं चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट से सुपरवाईजर सत्यम् चौरसिया, धर्मवीर, केसवर्कर बजरंग सिंह की संयुक्त टीम गठित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिसके बाद टीम द्वारा तत्काल स्वर्ण जयंती चौक पर पहुच कर अज्ञात नाबालिक बालक को अपने अभिरक्षा में लेते हुए थाना रावर्टसगंज मे रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बाल कल्याण समिति सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत किया गया। ओ आर डब्लूयू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि बालक चर्म रोग से पीड़ित है बालक के सम्बन्ध मे जाँच पणताल किया गया जिसमे संज्ञान में आया की बालक अहरौरा थाना अन्तर्गत रहने वाला है। सम्बंधित थाना अहरौरा से समन्वय स्थापित करते हुए बालक के माता-पिता का पता लगाते हुए तत्काल बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित होने हेतु बताया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिल नारायण देव पाण्डेय ने बताया कि बालक के माता-पिता अहरौरा थाना पुलिस के साथ समिति के समक्ष उपस्थित हुए और नियमानुसार सत्यापन के उपरान्त बालक को उसके माता- पिता को सुपुर्द कर दिया गया। अमित चन्देल द्वारा बताया गया कि बाल संरक्षण इकाई व चाईल्ड हेल्पलाइन यूनिट की तत्परता तथा समिति द्वारा की गयी काउन्सलिग के आधार पर बालक को अविलम्ब परिजनों से मिलाय गया साथ ही आम जनमानस से अपील करते हुए कहा गया।

मनोज कुक्कीवों पिन अवार्ड से सम्मानित हुए

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

लखनऊ। लखनऊ में आयोजित हुए अखिल भारतीय ब्लैक बेल्ट परीक्षा, राष्ट्रीय रेफरी और कोच सेमिनार के दौरान भारत में ताइक्वांडो के संस्थापक ग्रैंड मास्टर डॉ जिम्मी आर जगतियानी ने राष्ट्रपति पदक से सम्मानित मनोज वर्मा को प्रतिष्ठित 'कुक्कियोन पिन' से सम्मानित किया। मनोज वर्मा को ये सम्मान भारत में ताइक्वांडो खेलो में अभूतपूर्व योगदान देने, प्रचार प्रसार व पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से आत्म रक्षा की कला के नाम से जाने जाने वाले मार्शल आर्ट के क्षेत्र में उनके समर्पण के लिए प्रदान किया गया। गौरतलब है कि साउथ कोरिया के कुक्कीवोन में विश्व ताइक्वांडो का मुख्यालय स्थित है। जहां से वैश्विक स्तर पर ताइक्वांडो खेल की हर एक्टिविटी को नियंत्रित किया जाता है, साथ ही कुक्कीवोन विश्व स्तर पर ताइक्वांडो खेल को सिखाने का लाइसेंस भी देता है। सम्मान समारोह में अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, ग्रैंड मास्टर पीटर जगतियानी, गौरव चौहान, राजेश कुमार सिंह, सुरेश छबलानी सहित ताइक्वांडो के अनेक खिलाड़ी और पदाधिकारी उपस्थित थे फायर में 'गोल्ड मेडलिस्ट' मनोज वर्मा ताइक्वांडो के नेशनल खिलाड़ी और वर्तमान में लखनऊ सिविल डिफेंस में सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर के पद पर कार्यरत हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 15 अगस्त 2022 की पूर्व संध्या पर मनोज वर्मा को अपने विभाग में सराहनीय कायी के लिए राष्ट्रपति पदक प्रद्दत्त होने की घोषणा हुई थी। वर्ष 1989-90 में ताइक्वांडो में महारथ हासिल करके ब्लैक बेल्ट प्राप्त की थी। गत वर्ष ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा मनोज वर्मा को 'ताइक्वांडो हॉल ऑफ फेम इंडिया 2023' सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

एशा देवल की शादी टूटने से बेहद दुखी हैं 'पापा' धर्मेंद्र 'दामाद' भरत संग फिर बसाना चाहते हैं बेटी का घर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। 'धूम' फेम एक्ट्रेस एशा देओल ने अपने पूर्व पति भरत तख्तानी से अलग होने का फैसला कर लिया है। काफी समय से एशा और भरत के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही थीं। कुछ समय पहले एक स्टेटमेंट में उनके अलग होने की खबरों पर मुहर लगी।एशा देओल और भरत तख्तानी ने अपने रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। खबरों के मुताबिक शादी के 12 साल बाद एशा और भरत ने अलग होने का फैसला किया है। अब बेटी एशा के तलाक पर पिता धर्मेंद्र का रिएक्शन सामने आया है। धर्मेंद्र का कहना है कि वह बेटी और दामाद के अलग होने से बेहद दुखी हैं।एशा देओल ने साल 2012 में बिजनेसमैन भरत तख्तानी से शादी रचाई थी। एशा और भरत की दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी का नाम राध्या (2017) और छोटी बेटी का नाम मिराया (2019) है। 12 साल बाद एशा और भरत ने अपने रास्ते अलग कर लिए। बेटी एशा की शादी टूटने पर धर्मेंद्र का रिएक्शन सामने आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एशा देओल और भरत

तख्तानी के अलगाव से धर्मेंद्र बहुत दुखी हैं। वह नहीं चाहते कि दोनों अलग हों। बॉलीवुड लाइफ के मुताबिक, कोई भी माता-पिता अपने बच्चों के परिवार को टूटता हुआ देख खुश नहीं हो सकता है। धर्मेंद्र जी भी अंदर से दुखी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि धर्मेंद्र ने एशा और भरत को फिर से इस पर विचार करने की सलाह दी है।एशा और भरत की दो बेटियां हैं, जो अपने दादा-दादी और नाना-नानी के बेहद करीब हैं। माता-पिता के अलग होने से उन पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। इसलिए धर्मेंद्र चाहते हैं कि अगर दोनों का रिश्ता बच सकता है तो उन्हें कोशिश करनी चाहिए। हालांकि, वह अपनी बेटी के फैसले के खिलाफ भी नहीं हैं।एशा देओल और भरत तख्तानी बी-टाउन के पावर कपल कहे जाते थे, लेकिन अचानक उनका अलग होना फैंस के लिए शॉकिंग है। कुछ महीनों से एशा पूर्व पति भरत के साथ कोई पोस्ट नहीं कर रही थीं, तभी से लोग अनुमान लगा रहे थे कि उनके रिश्ते में शायद खटास आ गई है। दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला तो कर लिया है, लेकिन इसकी वजह नहीं बताई है। रूमर्स हैं कि भरत के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की वजह से एशा ने तलाक लेने का रास्ता चुना है। कहा जा रहा है कि भरत बैंगलोर की रहने वाली एक महिला को डेट कर रहे हैं।

दीपिका पादुकोण के बचाव में उतरीं हुमा कुरैशा रणवीर सिंह के होते हुए कई मर्दों संग डेटिंग के लिए हुई थीं ट्रोल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। पिछले साल करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन

8' में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की मौजूदगी ने खूब सुखियां बटोरी थीं। दोनों ने कुछ ऐसे बयान दिए थे, जिसके बाद कपल को बुरी तरह ट्रोलिंग सहनी पड़ी थी, खासकर दीपिका को।एक हालिया इंटरव्यू में हुमा कुरैशी ने एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का बचाव किया है। कॉफी विद करण सीजन 8 में रणवीर सिंह संग रिलेशनशिप में होते हुए कई मर्दों को डेट करने के बयान पर दीपिका को खूब ट्रोल किया गया था। अब हुमा ने इसे नॉर्मल बताया है। हुमा ने कहा कि लोग हर बात पर ट्रोल करते हैं।दीपिका पादुकोण ने एक सेगमेंट में कहा था कि वह शुरू में रणवीर सिंह के लिए सीरियस नहीं थीं और उनके साथ रिलेशनशिप में होते हुए उन्होंने कई दूसरे लोगों को भी डेट किया था। हालांकि, आखिर में दोनों को एक-दूसरे के लिए प्यार का एहसास हुआ। इस खुलासे से लोग हैरान रह गए थे। इस बयान ने एक्ट्रेस को मुसीबत में डाल दिया था और वह सोशल मीडिया पर भी बुरी तरह ट्रोल हुई थीं।दीपिका पादुकोण की आलोचना पर अब हुमा कुरैशी का रिएक्शन सामने आया है। एक्ट्रेस ने दीपिका का सपोर्ट किया है और कहा कि लोग चाहे कुछ भी करें, ट्रोलिंग तो होनी ही है। आफ्टर आवर्स विद ऑल अबाउट ईव में हुमा ने दीपिका का बचाव करते हुए कहा- जल्द ही हुमा कुरैशी महारानी 3 में नजर आएंगी। पिछले महीने सीरीज का टीजर रिलीज किया गया था।

कौन थीं 'दंगल गर्ल'सुहानी भटनागर जिनका 19 की उम्र में निधन आमिर खान की बेटी बन हुई थीं मशहूर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। सिनेमा जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आ रही है। जानी-मानी एक्ट्रेस सुहानी भटनागर का निधन हो गया है। मात्र 19 साल की उम्र में सुहानी ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया है। सुहानी के निधन की खबर से उनके चाहने वाले दुखी हैं। लोग 'दंगल' गर्ल की इलाज में जो दवाएं सुहानी ने लीं, उसका उन्हें ऐसा साइड एफेक्ट पड़ा कि धीरे-धीरे उनके शरीर में पानी भर गया। वह काफी दिनों से दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती थीं।सुहानी भटनागर बॉलीवुड की जानी-मानी चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। उन्हें आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दंगल' (2016) से लाइमलाइट मिली। फिल्म में उन्होंने जूनियर बबीता फोगाट का किरदार

वापसी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन उनके निधन की खबर ने फैंस को हिलाकर रख दिया। दंगल फिल्म से मशहूर हुईं सुहानी भटनागर अब इस दुनिया में नहीं रहीं। जी हां 19 साल की उम्र में सुहानी भटनागर का निधन हो गया है। आमिर खान की ऑन-स्क्रीन बेटी बनकर वह मशहूर हुईं थीं। सुहानी पिछले कुछ सालों से कहां गायब थीं और क्या कर रही थीं आइए आपको इस बारे में बताते हैं।फरीदाबाद की रहने वाली सुहानी भटनागर के निधन की वजह पूरे शरीर में पानी भरना बताया जा रहा है। कुछ समय पहले सुहानी का एक्सीडेंट हो गया था, जिसकी वजह से उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया था। निभाया था। फिल्म में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। वह कई टीवी एड्स में भी काम कर चुकी थीं।दंगल' करने के बाद सुहानी भटनागर के पास यूं तो फिल्मों की लाइन लग जाती, लेकिन एक्ट्रेस ने काम से ब्रेक लेने का फैसला किया था। सुहानी पहले पढ़ाई पर ध्यान देना चाहती थीं। कई इंटरव्यू में सुहानी कह चुकी थीं कि पढ़ाई के बाद वह फिर से सिनेमा में वापसी करेंगी।सुहानी भटनागर 25 नवंबर 2021 के बाद से इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक्टिव नहीं आई हैं। हालांकि, इससे पहले वह अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती थीं। सुहानी का ट्रांसफॉर्मेशन देख लोग हैरान रह गए थे। सुहानी का लुक काफी बदल गया था।

पहले दिन डोल गई गुरु रंधावा-सई मांजरेकर की फिल्म, इतने लाख से खुला खाता

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। हर हफ्ते सिनेमाघरों में कोई न कोई फिल्म जरूर दस्तक देती है। इस हफ्ते थिएटर्स में मशहूर डेब्यू फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग डे ही बुरा हाल हो गया है। जानिए बॉक्स ऑफिस कलेक्शन गुरु रंधावा और सई मांजरेकर स्टारर कुछ

सिंगर गुरु रंधावा और एक्ट्रेस सई मांजरेकर की फिल्म कुछ खट्टा हो जाए रिलीज हुई थी। फिल्म के ट्रेलर से माना जा रहा था कि शायद यह फिल्म दर्शकों को लुभा पाने में कामयाब हो पाएगी और बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई तो कर ही लेगी। मगर ऐसा नहीं हुआ।1 गुरु रंधावा और सई मांजरेकर की फिल्म कुछ खट्टा हो जाए सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को लेकर जितनी चर्चा हो रही थी फिल्म का कलेक्शन उतना ही निराशाजनक रहा। मूवी ने पहले दिन बहुत कम कारोबार किया है। फिल्म का कलेक्शन तो एक करोड़ तक भी नहीं पहुंच पाया।जी अशोक के निर्देशन में बनी कुछ खट्टा हो जाए फिल्म की तरह पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी खट्टा ही रहा। फिल्म ने पहले दिन बहुत ही धीमी शुरुआत की है। अपनी आवाज का जादू चलाने वाले गुरु रंधावा की पहली खट्टा हो जाए कल यानी 16 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। क्रिटिक्स और दर्शकों से फिल्म को मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला। फिल्म ने पहले दिन चंद लाखों से ओपनिंग की। सैकनिल्क के अर्ली ट्रेड के मुताबिक, कुछ खट्टा हो जाए ने पहले दिन सिर्फ 25 लाख रुपये का कारोबार किया है। हालांकि, यह शुरुआती आंकड़े हैं। सही नंबर्स इससे ज्यादा या कम भी हो सकता है फैमिली ड्रामा कुछ खट्टा हो जाए में सई मांजरेकर ने एक ऐसी लड़की की भूमिका निभाई है, जो बनने के लिए जी तोड़ मेहनत करती हैं। हालांकि, उनकी शादी गुरु रंधावा से करा दी जाती है। रोमांस, इमोशन और झूठ के साथ कहानी में कई ट्विस्ट एंड टर्न हैं। फिल्म में सई और गुरु के अलावा अनुपम खेर और इला अरुण भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

दंगल' गर्ल सुहानी भटनागर के निधन से दुखी हुए आमिर खान

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। फिल्म इंडस्ट्री से एक बार फिर बुरी खबर सामने आई है। शनिवार दोपहर एक ऐसी खबर सामने आई, जिसकी किसी को भी कल्पना नहीं थी। आमिर खान की फिल्म 'दंगल' में जूनियर बबीता फोगाट का रोल प्ले करने वालीं एक्ट्रेस सुहानी भटनागर का निधन हो गया। उनकी डेथ ने न सिर्फ फैंस को, बल्कि उनके साथ काम करने वाले कलाकारों को भी झकझोर कर रख दिया है। फिल्मी गलियारे से एक दुखद खबर सामने आई है। दंगल फिल्म से जूनियर बबीता फोगाट के रूप में फेमस हुईं एक्ट्रेस सुहानी भटनागर का निधन हो गया है। उनकी डेथ की खबर ने फैंस के साथ-साथ फिल्म इंडस्ट्री को भी झकझोर कर रख दिया है। आमिर खान और डायरेक्टर नितेश तिवारी ने सुहानी के निधन पर शोक जताया है सुहानी भटनागर की मौत की खबर एक सदमे की तरह फैंस के सामने आई है। वह 19 साल की थीं। खबरों की मानें, तो उनके पैर में फ्रैक्टर हो गया था। वह जिन दवाइयों का सेवन कर रही थीं, उससे उन्हें रिएक्शन हो गया और पूरे शरीर में पानी भरने लगा। सुहानी की मौत से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। 'दंगल' फिल्म के डायरेक्टर नितेश तिवारी और एक्टर आमिर खान ने सुहानी की मौत पर शोक जताया है।

शादी से पहले सुरभि चंदना ने 'इश्कबाज' की सहेलियों के साथ की बैचलरेट पार्टी ऑन-स्क्रीन 'देवर' संग लगाए ठुमके

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। श्कबाज और नागिन जैसे टीवी सीरियल्स से घर-घर की चहेती बनीं एक्ट्रेस सुरभि चंदना अब अपनी जिंदगी की एक नई शुरुआत करने जा रही हैं। एक्ट्रेस जल्द ही मिस से मिसेज बनकर हमेशा के लिए अपने ब्वॉयफ्रेंड करण शर्मा (ंँ्व ॅैॅ्र) की होने वाली हैं। टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस सुरभि चंदना जल्द ही मिस से मिसेज बनने वाली हैं। शादी से चंद दिन पहले एक्ट्रेस ने अपनी दोस्तों के साथ बैचलरेट पार्टी एन्जॉय की। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने अपनी बैचलरेट पार्टी की ढेर सारी झलकियां शेयर की हैं। मानसी श्रीवास्तव और श्रेणु पारिख ने होने वाली दुल्हन को खास महसूस कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी।सुरभि चंदना की प्रोफेशनल लाइफ से तो हर कोई वाकिफ है, लेकिन एक्ट्रेस ने अपनी पर्सनल लाइफ को हमेशा सीक्रेट रखा। वह पिछले 13 सालों से करण शर्मा को डेट कर रही थीं। हालांकि, उन्होंने किसी को कानों-कान खबर नहीं होने दी। शादी की अनाउंसमेंट से कुछ दिन पहले उन्होंने करण के साथ अपने रिश्ते पर मुहर लगाई थी। अब सुरभि चंदना बस चंद दिनों में करण की दुल्हनिया बनने जा रही हैं। शादी से 11 दिन पहले एक्ट्रेस ने अपने दोस्तों के साथ बैचलरेट पार्टी एन्जॉय की। टीवी

एक्ट्रेसेज मानसी श्रीवास्तव और श्रेणु पारिख समेत दोस्तों ने होने वाली दुल्हन सुरभि के लिए एक प्यारा सा सरप्राइज प्लान किया था। उन्होंने रूम को बैलून के साथ डेकोरेट करके केक और कप केक के साथ ब्राइड टू बी को खास महसूस कराया।दोस्तों के साथ रूम में पार्टी एन्जॉय करने के बाद सुरभि चंदना ने रेस्तरां में धूम मचाई। सुरभि की बैचलरेट पार्टी में 'इश्कबाज' की पूरी स्टार कास्ट शामिल थी। एक तरफ सुरभि ने येलो कलर की फ्लोरल साइड कट ड्रेस पहनी थी, वहीं सारी ब्राइड्समेड ने ब्लैक आउटफिट में ग्लैमर का तड़का लगाया था। एक वीडियो में सुरभि को ऑन-स्क्रीन देवर ओमकारा यानी कुणाल जयसिंह के साथ 'बनने' गाने पर डांस करते हुए देखा जा सकता है।

दूल्हा बनने जा रह कार्तिक आर्यन सूट-बूट में तस्वीरें शेयर कर एक्टर ने कहा 'शादी के लिए तैयार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। कार्तिक आर्यन सिनेमा के जाने-माने अभिनेता हैं। कार्तिक ने साल 2011 में प्यार का पंचनामा से बॉलीवुड में कदम रखा था। पहली फिल्म की कामयाबी ने उन्हें फर्श से अर्श तक पहुंचा दिया था। तभी से वह लाखों लड़कियों के क्रश बन गए थे। बॉलीवुड के हैंडसम हंक कार्तिक आर्यन पर लाखों लड़कियां फिदा हैं। है। दरअसल, हुआ यूं कि 'चंदू चैम्पियन' एक्टर कार्तिक आर्यन ने आधी रात को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने शादी का जिक्र किया। इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की गईं तस्वीरों में अभिनेता ब्लैक कलर के कुर्ता-पायजामा और ब्लैक शूज में डैपर लग रहे हैं। साइड पोज देते हुए कार्तिक ने ढेर सारी फोटोज क्लिक कराईं। तस्वीरों

उनकी चार्मिंग पर्सनैलिटी किसी को भी घायल करने के लिए काफी है। यूं तो अभिनेता अपनी डेटिंग लाइफ को लाइमलाइट से दूर रखते हैं लेकिन एक हालिया पोस्ट में एक्टर ने शादी का जिक्र करके अपने चाहने वालों को हैरान कर दिया है। ब्लैक कुर्ता-पायजामा में वह बहुत हैंडसम लग रहे हैं।यूं तो कार्तिक आर्यन अपनी फिल्मों और फैन मोमेंट के लिए काफी चर्चा बटोरते हैं, लेकिन जब बात डेटिंग लाइफ की आती है तो कार्तिक का दूर-दूर तक कनेक्शन दिखाई नहीं देता है। सारा अली खान के बाद से कार्तिक का नाम डेटिंग की खबरों से नहीं जुड़ा है। हालांकि, अभिनेता की एक हालिया पोस्ट ने उनकी लेडी फैंस को हैरान कर दिया के अलावा कार्तिक के कैप्शन ने सभी का ध्यान खींचा। अभिनेता ने लिखा, ठशादी रेडी।ठअब 33 साल के कार्तिक आर्यन ने अपनी शादी के लिए पोस्ट किया या फिर वह किसी वेडिंग फंक्शन में शिरकत होने को लेकर कैप्शन डाला है, ये क्लियर नहीं है। फैंस हैरान हैं कि कहीं वाकई अभिनेता दूल्हा बनने तो नहीं जा रहे हैं। मनीष मल्होत्रा ने कमेंट कर कार्तिक को फायर बताया है।फैंस भी जमकर रिएक्शन कर रहे हैं। कुछ लोग ब्लैक में कार्तिक की तारीफों के पुल बांध रहे हैं और उन्हें बवाल कह रहे हैं। वहीं, कई लोगों ने कहा कि उम्मीद है कि वह किसी और की शादी की बात कर रहे हैं। कई लड़कियां तो कार्तिक से शादी की इच्छा जता रह हैं।

बंगाली एक्ट्रेस अंजना भौमिक का हुआ निधन जीशु सेनगुप्ता से था खास नाता

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। कई कलाकार ऐसे होते हैं जो अपनी अदाकारी के लिए लंबे अरसे तक जाने जाते हैं। फिर चाहें वो इस दुनिया में मौजूद हूं या फिर नहीं। इस मामले में अब बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की दिग्गज एक्ट्रेस अंजना भौमिक का नाम जुड़ रहा है। इस वक्त बंगाली

फिल्म इंडस्टंरी से बेहद बुरी खबर सामने आ रही है। दिग्गज अदाकारा अंजना भौमिक का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि सांस की समस्या से जूझ रहीं अंजना ने 79 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनकी मौत से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है।79 साल उम्र में अंजना का निधन हो गया है। उनकी मौत की खबर सामने आते ही मनोरंजन जगत में मातम पसर गया है। लंबे समय से वह सांस की समस्या से जूझ रहीं, अंजना भौमिक 17 फरवरी यानी आज जिंदगी की जंग को हार गई हैं। शनिवार को अंजना भौमिक के देहांत की सूचना मिलते ही उनके फैंस का दिल टूट गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक आज सुबह 10:30 बजे अंजना ने कोलकाता के निजी अस्पताल में आखिरी सांस ली। हाल ही में उन्हें इस हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था।क्योंकि वरिष्ठ एक्ट्रेस को बढ़ती उम्र के साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्या और सांस लेने परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में अंजना भौमिक के निधन से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। बता दें कि उनकी फैमिली में दो बेटियां नीलंजना सेनगुप्ता और चंदना भौमिक मौजूद हैं। बतौर अदाकारा अंजना भौमिक ने 60 से लेकर 80 के दशक में बंगाली फिल्म इंडस्ट्री में कई शानदार फिल्मों में अपनी शानदार अदाकारी की छाप छोड़ी। इस दौरान अंजना ने राजद्रोही, नायिका संगबध, काखनू मेख, सुख सरी और निशीबसर जैसी कई शानदार फिल्मों में काम किया। मालूम हो कि अंजना भौमिक ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 1964 में आई बंगला फिल्म अंशुत्प छंद नामकल फिल्म के जरिए की थी। इंडस्ट्री में उनके सुनहरे योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। द ट्रायल, स्काई फायर, टाइपराइटर और कर्मिनल जस्टिय जैसी वेब सीरीज में अपने अभिनय का लोह मनवाने वाले बंगाली कलाकार जीशु सेनगुप्ता का अंजना भौमिक से खास नाता था। दरअसल अंजना की बेटी नीलंजना जीशु की धर्मपतने हैं और उसके हिसाब से आज जीशु की सासू मां की मौत हो गई है।

आखिरी दम तक डटकर खड़ी 'फाइटर' ऋतिक-दीपिका की फिल्म ने 23वें दिन किया इतना बिजनेस

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। वॉर, पठान, क्रिश 4 और बैंग बैंग जैसी फिल्में बना चुके सिद्धार्थ आनंद की हालिया फिल्म फाइटर बॉक्स ऑफिस पर अच्छी-खासी कमाई कर रही है।ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म फाइटर पिछले महीने सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। तीन हफ्ते बाद भी फिल्म की कमाई में ठीक-ठाक ग्राफ दिख रहा है। गुरुवार के बाद शुक्रवार की कमाई भी अच्छी-खासी रही है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी ये फिल्म साल की हिट फिल्मों में शुमार हो गई है।सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी पठान साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म रही, जिसने करीब साढ़े पांच सौ करोड़ा का कारोबार किया था। हालांकि, फाइटर से जितनी उम्मीद थी, वैसा कारोबार नहीं कर पाई। बड़ी कास्ट, एक्शन से भरपूर कहानी और ऋतिक-दीपिका की बोल्ड केमिस्ट्री भी दर्शकों को कुछ खास लुभा नहीं पाई।23 दिन में कछुए की चाल चलकर बड़ी मुश्किल से फाइटर ने 200 करोड़ के पार बिजनेस किया है। भले ही फाइटर की स्पीड धीमी हो गई है, लेकिन 23 दिन बाद भी फिल्म ने दम नहीं तोड़ा है। गुरुवार को जहां फिल्म ने तकरीबन 90 लाख रुपये का बिजनेस किया था। वहीं, शुक्रवार

को भी कमाई में ज्यादा फर्क नहीं दिखा।सैकनिल्क के अर्ली ट्रेड के मुताबिक, ऋतिक रोशन की फाइटर ने चौथे शुक्रवार को 85 लाख रुपये का बिजनेस किया है। हालांकि, सही आंकड़े इससे ज्यादा या कम भी हो सकते हैं। चौथे हफ्ते के लिहाज से यह आंकड़ा इतना बुरा नहीं है। बात करें लाइफटाइम कलेक्शन की तो मूवी ने कुल 202 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।फाइटर के लिए पहला हफ्ता शानदार रहा था। 22 करोड़ से ओपनिंग करने वाली ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म ने पहले वीकेंड में 146 करोड़ का बिजनेस किया था। पहले शुक्रवार को 39.5 करोड़, शनिवार को 27.5 करोड़ और रविवार को कारोबार 29 करोड़ रहा था।दूसरे हफ्ते फिल्म ने 41 करोड़ का कलेक्शन किया था। तीसरे हफ्ते कारोबार 14 करोड़ रहा था। अब देखते हैं कि चौथे वीकेंड में फिल्म का क्या हाल रहता है।

भारत की सबसे महंगी फिल्म, पहली बार विदेश में हुई थी शूटिंग

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। आज के जमाने में ज्यादातर फिल्मों को विदेशों में शूट किया जाता है। चाहे बजट ज्यादा हो या कम, फिल्मों में विदेश में एक न एक सीन जरूर शूट होता है। कम फिल्में हैं जो सिर्फ भारत में फिल्माई गईं। हालांकि, एक दौर था, जब फिल्मों को सिर्फ भारत में फिल्माया जाता था। उस दौर में विदेशों में शूट करने का न तो बजट था और ना ही कोई झंझट करता था। हालांकि, राज कपूर ने यह इतिहास भी बदल दिया। एक दौर था जब फिल्मों की शूटिंग सिर्फ भारत में हुआ करती थी। उस वक्त न ज्यादा बजट हुआ करता था और ना ही विदेश में शूटिंग होने की इतनी झंझट की जाती थी लेकिन राज कपूर ने इस सोच को बदला और नया ट्रेंड शुरू किया। 60 साल पहले रिलीज हुई फिल्म को पहली बार विदेश में शूट किया गया था।अभिनय, निर्देशन हो या फिर प्रोडक्शन, राज कपूर ने हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत साबित की है। राज कपूर को ट्रेंड सेटर कहा जाता था। क्लासिक मूवीज के लिए मशहूर राज कपूर ने भारत में फिल्मों को शूट किए जाने का ट्रेंड भी बदल

दिया था। वो राज कपूर ही थे, जिन्होंने पहली भारतीय फिल्म का निर्देशन विदेश में किया था। भारत की पहली फिल्म जिसे विदेश में शूट किया गया था, वो संगम थी। यह 1964 की ब्लॉकबस्टर फिल्म रही। पुरजोर कहानी के साथ राज कपूर, विजयंतीमाला और राजेंद्र कुमार की तिकड़ी ने इंडस्ट्री में तहलका मचा दिया था। इस फिल्म को बनाने में 20 साल का वक्त लग गया था। राज कपूर को इसे बनाने का आइडिया 40 के दशक में आया था, लेकिन यह पर्दे पर 60 के दशक में उतर पाई थी।राज कपूर की संगम को भारत में तो शूट किया ही गया था, पहली बार विदेश में फिल्म का सेट तैयार हुआ था। फिल्म के कई सींस लंदन, पेरिस और स्विटजरलैंड समेत कई विदेश में मौजूद खूबसूरत जगहों पर शूट हुई। इस फिल्म के कई सींस दिल्ली में भी फिल्माए गए हैं। यह राज कपूर की विजयंतीमाला के साथ आखिरी फिल्म थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म ने उस जमाने में करीब 8 करोड़ का बिजनेस किया था। राज कपूर ने 40 के दशक में भी इस फिल्म को बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। उस वक्त उन्होंने फिल्म का टाइटल घरौंदा (ळ्रींर्दर्ह्रे) रखा था। वह इस फिल्म में दिलीप कुमार (अत्ज् खुर्स्रै) और नरगिस को कास्ट करना चाहते थे, लेकिन दिलीप के मना करने के बाद फिल्म डिब्बाबंद हो गई थी। फिर 60 के दशक के बाद फिर से राज कपूर ने इस फिल्म का निर्माण किया और इसका नाम 'संगम' रखा।राज कपूर ने पहले ही मन बना लिया था कि अगर राजेंद्र कुमार फिल्म ठुकराएंगे तो वह फिरोज खान को कास्ट कर लेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

लॉकडाउन ने लिखी रकुल और जैकी के प्यार की दास्ता

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। ''ब्बी-टाउन के पसंदीदा कपल्स में से एक रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी जल्द ही शादी करने वाले हैं। अपनी प्यारी केमिस्ट्री के चलते लाखों फैंस के दिल पर राज करने वाले रकुल और जैकी ने जब से अपने रिश्ते का एलान किया है, तब से दोनों कपल गोल्स देने का कोई मौका नहीं गंवाते हैं।ॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह जल्द ही ब्वॉयफ्रेंड जैकी भगनानी के साथ शादी करने वाली हैं। जैकी और रकुल की शादी की रस्में भी शुरू हो गई हैं। चार साल पहले कैसे उनकी मुलाकात हुई और कैसे दोस्त से लव बड्र्स बने जानिए होने वाले दूल्हा-दुल्हन की प्रेम कहानी के बारे में।रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी तकरीबन चार साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। डेटिंग के बाद पति-पतनी के रूप में सफर शुरू करने जा रहे रकुल और जैकी की राह कैसे एक पड़ोसी से हमसफर के रूप में एक हुई, इसकी कहानी बहुत दिलचस्प है। कपल के प्यार की कहानी आपके दिल को छू जाएगी। रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी यूं तो एक ही इंडस्ट्री से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन उनके बीच पहले दोस्ती से ज्यादा कुछ नहीं था। ना ही दोनों ने कोई रोमांटिक फिल्म की, जिससे उनके बीच प्यार की चिंगारी जलेगी, लेकिन कहते हैं कि ना कि जोडि़यां ऊपर से बनकर आती हैं। रकुल और जैकी के साथ भी कुछ ऐसा ही था। पड़ोसी होकर भी एक-दूसरे को न जानने वाले रकुल और जैकी के बीच प्यार की शुरुआत करने में लॉकडाउन का बड़ा रोल था।रकुल प्रीत और जैकी को नहीं पता था कि दोनों एक-दूसरे के पड़ोसी हैं। कोरोना महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में रकुल प्रीत और जैकी भगनानी ने एक साथ हैंगआउट करना शुरू किया था।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं
आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2012/41154
website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।